रोहतक
शुक्रवार, 19 जुलाई 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 173
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**मौसम**
अधि. 39.0
न्यून. 27.8

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,343.46 | 626.91 ▲ |
| निफ्टी | 24,800.85 | 187.85 ▲ |

| धातु | कीमत | महंगा/सस्ता |
|---|---|---|
| सोना | 76,400/- | 700/- ▲ |
| चांदी | 94,000/- | 400/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | गिरावट |
|---|---|---|
| रुपया | 83.64 | 6 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 83.47/ बैरल | 0.75 ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# 1392 करोड़ के बैंक घोटाले मामले में ईडी का एक्शन महेंद्रगढ़ के कांग्रेस विधायक राव के 15 ठिकानों पर छापे

**मेसर्स अलाइड स्ट्रिप्स लिमिटेड नाम की कंपनी के जरिए लोन लिया, लौटाया नहीं**

**भाई राव रामकंवार और कंपनी के प्रवर्तक मोहिंदर और गौरव अग्रवाल पर भी रेड**


## पांच शहरों महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, दिल्ली और जमशेदपुर में छापेमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले से जुड़ी धन शोधन जांच के सिलसिले में महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक राव दान सिंह, उनके भाई रामकंवार धातु निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी गुरुवार को सुबह राव के महेंद्रगढ़, बहादुरगढ़, गुरुग्राम, दिल्ली और झारखंड के जमशेदपुर समेत 15 ठिकानों पर पहुंचे और छापेमारी की। ईडी के साथ सीएपीएफ के कर्मियों का एक दल भी था। ईडी की टीम गुरुवार सुबह साढ़े सात बजे विधायक के आवास पर पहुंची और रात 8:25 बजे तक छापेमारी की। इस दौरान विधायक के परिजनों से पूछताछ की गई, बैंक खातों और संपत्ति के बारे में जानकारी जुटाई।

### इन पर कार्रवाई

जिन लोगों के ठिकानों पर तलाशी ली गई, उनमें महेंद्रगढ़ क्षेत्र से 65 वर्षीय विधायक सिंह, उनका भाई राव रामकंमार, बेटा अक्षत सिंह, एलाइड स्टप्स लिमिटेड (एएसएल) कंपनी व उसके प्रवर्तक मोहिंदर अग्रवाल, गौरव अग्रवाल व अन्य लोग शामिल हैं। राव दान सिंह के रेवाड़ी में स्थित एक फार्म हाउस की भी तलाशी ली गई।



### स्टील रोल बनाती है कंपनी

एएसएल 'स्टील रोल' उत्पादों का निर्माण करती है। इस कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक कर्ज धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है। सीबीआई ने 2022 में कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

**ये आरोप :** आरोप है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से कर्ज लिया, लेकिन कभी लौटाया नहीं और बाद में इस कर्ज को बट्टे खाते में डाल दिया।

### इनसे पूछताछ

ईडी की टीम ने विधायक के बड़े भाई रामकंवार, भतीजे दीपक, दीपक की पत्नी प्रवीन से पुछताछ की। इसके बाद विधायक के कार्यालय सचिव सूबेदार हरिसिंह, उनके ड्राइवर राकेश भी मौके पर पहुंच गए। फार्म हाउस पर 6 नौकरों से पूछताछ की गई। टीम में 10 से 12 अधिकारी शामिल थे। करीब एक दर्जन जवान घर के बाहर तैनात किए गए थे। ईडी की टीम की ओर से बैंक और प्रॉपर्टी से जुड़ी जानकारी जुटाई गई।

### गुरुग्राम में दर्ज हुआ था मामला

गुरुग्राम में कुछ साल पूर्व 11000 करोड़ रुपये के घोटाले का मामला दर्ज किया गया था। इस मामले से जोड़कर छापों को देखा जा रहा है। कंपनी पर 1,392 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में शामिल होने का आरोप है और सीबीआई ने 2022 में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया था। 24 जुलाई को इस मामले में गुरुग्राम कोर्ट में सुनवाई होनी हैं। सूत्रों ने पता चला है कि राव दान सिंह के परिवार और उनकी कंपनियों ने एएसएल से ऋण राशि लिया था, लेकिन कभी वापस नहीं किया और बाद में इन निधियों को बट्टे खाते में डाल दिया गया। ईडी इसी मामले की जांच कर रही है। सूत्रों को कहना है कि ईडी ने फिलहाल अपने साथ कोई दस्वेज नहीं लेकर गई है।

# नीट-यूजी परीक्षा के शहर और केंद्रवार नतीजे जारी करे एनटीए

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश, अभ्यर्थियों की पहचान जाहिर न करे
- परिणाम कल तक वेबसाइट पर अपलोड करने के आदेश
- परीक्षा रद करने, दोबारा कराने की मांग पर 22 को सुनवाई
- प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना व हजारीबाग तक ही सीमित थी

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को अभ्यर्थियों की पहचान गुप्त रखते हुए 20 जुलाई दोपहर 12 बजे तक नीट-यूजी 2024 के केंद्र और शहर-वार परिणाम घोषित करने का निर्देश दिया। परीक्षा के संचालन में गड़बड़ी के आरोपों का समाधान करने का प्रयास करते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि इसे नए सिरे से आयोजित करने का कोई भी आदेश इस ठोस निष्कर्ष पर आधारित होना चाहिए कि पूरी प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हुई है। शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों के मद्देनजर परीक्षा को रद करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी। पीठ ने अभ्यर्थियों के वकीलों से परीक्षा के आयोजन में व्यापक उन अनियमितताओं के बारे में अपना दावा साबित करने को कहा, जिसमें प्रश्नपत्र लीक होना भी शामिल है, जिसके कारण परीक्षा रद कर दोबारा कराने की आवश्यकता हो।



### यह कहा अदालत ने

अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी। गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए।

### यह पैसे के लिए किया

सोशल मीडिया मंच 'टेलीग्राम' पर प्रश्नपत्र लीक होने के दावों पर सवाल उठाते हुए पीठ ने कहा, आपको यह बात ध्यान में रखनी होगी कि ऐसा करने का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर दिखावा करना नहीं था। लोगों ने यह पैसे के लिए किया। इसलिए, यह परीक्षा को बदनाम करने के लिए नहीं था और कोई व्यक्ति पैसे कमाने के लिए ऐसा कर रहा था जो स्पष्ट है। बड़े पैमाने पर लीक के लिए उस स्तर पर संपर्कों की भी आवश्यकता होती है, ताकि आप विभिन्न शहरों में ऐसे सभी प्रमुख संपर्कों से जुड़ सकें।"

### दोबारा परीक्षा के लिए ठोस आधार जरूरी

पीठ ने याचिकाकर्ताओं से यह दिखाने के लिए कहा कि प्रश्न पत्र व्यवस्थागत तरीके से लीक किया गया और उससे पूरी परीक्षा पर असर पड़ा, इसलिए इसे रद करना जरूरी है। सीजेआई ने कहा, 'पुनः परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है।' इस मामले की जारी जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा, 'सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा।'

### सीबीआई ने पटना एम्स के 4 छात्रों को गिरफ्तार किया

सीबीआई ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले के संबंध में बृहस्पतिवार को पटना स्थित एम्स में पढ़ने वाले एमबीबीएस के 4 विद्यार्थियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के तीन छात्रों चंदन सिंह, राहुल अनंत व कुमार शानू और दूसरे वर्ष के एक छात्र करन जैन को पूछताछ के बाद सीबीआई टीम ने गिरफ्तार कर लिया। एम्स के वरिष्ठ संकाय सदस्यों की मौजूदगी में छात्रों को छात्रावास के उनके कमरों से ले जाया गया। उन्हें बताया गया था कि जांच के लिए छात्रों की जरूरत है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने छात्रावास के उनके कमरों को भी सील कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इससे दो दिन पहले सीबीआई ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 2017 बैच के सिविल इंजीनियर पंकज कुमार उर्फ आदित्य को मंगलवार को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि कुमार ने हजारीबाग में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के ट्रंक से नीट-यूजी का प्रश्नपत्र चुराया था।



# चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन बेपटरी, तीन यात्रियों की मौत

**यूपी के गोंडा में भीषण हादसा, 8 डिब्बे पटरी से उतरे 32 से अधिक घायल, दो यात्रियों के दोनों पैर कटे**

**लखनऊ/गोंडा (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के गोंडा में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही एक ट्रेन के 8 डिब्बे मोतीगंज और झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 32 अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दो यात्रियों के दोनों पैर कट गए। ज्यादातर घायल यात्री उसी कोच के बताए जा रहे हैं। हादसे के बाद यात्री खिड़की के कांच तोड़कर बाहर कूदे। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह जानकारी दी है। जिलाधिकारी डॉ. नेहा शर्मा ने बताया कि राहत और बचाव कार्य जारी है। सभी मृतकों और घायलों को बाहर निकाला जा चुका है। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बता दें कि पहले मरने वालों की संख्या 4 बताई गई थी। बाद में इसे संशोधन किया गया। हादसे के चलते कई ट्रेनें प्रभावित हुईं।

### सीएम आदित्यनाथ योगी ने दुःख प्रकट किया


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुःख जताया और जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

### मुआवजे का ऐलान


रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिवार को 10 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। गंभीर घायलों को ढाई लाख और मामूली घायलों को 50 हजार रुपये की मदद दी जाएगी। साथ ही मामले की हाई-लेवल जांच के आदेश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बाइडन फिर कोविड से संक्रमित हुए



**मिलवाउकी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। संक्रमण के 'हल्के लक्षण' हैं। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अभियान रोकना पड़ा। बाइडन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, मैं बीमार हूं। भाषा



### हार्दिक पांड्या व नताशा अलग हुए, लेंगे तलाक

**नई दिल्ली (भाषा)।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने गुरुवार को चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और 30 जुलाई 2020 को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, 'चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। 'हमें अगस्त्य जैसा तोहफा मिला। अब वही हम दोनों की जिंदगी का केंद्र रहेगा।दोनों मिलकर उसका ख्याल रखेंगे।

### आईएएस पूजा की मां को पुलिस हिरासत में भेजा

**पुणे।** पुणे की अदालत ने आईएएस सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को 20 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने मनोरमा को भूमि विवाद को लेकर बंदूक दिखाकर कुछ लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मनोरमा को रायगढ़ के एक लॉज से पकड़ा गया जहां वह छिपी थी। भाषा

# प्रदेश में सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप : मान

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** आम आदमी पार्टी (आप) ने हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर कमर कस ली है। इसको लेकर गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने संयुक प्रेसवार्ता की। इस मौके पर पंजाब के मुख्यमंत्री मान ने कहा कि आप हरियाणा में पूरी ताकत के साथ सभी 90 विधानसभा सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार है। आधा हरियाणा पंजाब तो आधा दिल्ली से जुड़ा है। हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका दिया। लेकिन सबने हरियाणा को लूटा, इसलिए हरियाणा के लोग अब बदलाव चाहते हैं। हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश की राजनीति को बदला। इसलिए इस बार बदलेंगे हरियाणा का हाल अब लाएंगे केजरीवाल।

*(पेज-2 भी देखें)*



**पंजाब के सीएम बोले, सभी दलों ने हरियाणा को लूटा**

# कश्मीर में 3 जगह मुठभेड़ कुपवाड़ा में 2 आतंकी ढेर

- **एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम**
- **डोडा में सेना के कैंप पर हमला, 2 जवान घायल**

एजेंसी/भाषा ▶▶| श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर में गुरुवार को तीन जगह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा के केरन इलाके में नियंत्रण रेखा (एनओसी) के पास घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी और दो आतंकवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि सेना को यहां कुछ आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इसी दौरान आतंकियों-सेना के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई और जवानों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। उधर, डोडा में भी दो जगह मुठभेड़ हुई। आतंकवादियों के हमले में दो सैनिक घायल हो गए।

**सेना पर फायरिंग के बाद जंगल में छुपे आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा**
**●**
**डोडा में एक अन्य जगह भी चली मुठभेड़**



### सैन्य शिविर पर हमला

कास्तीगढ़ के जद्दन बाटा गांव में स्कूल में बने अस्थायी सुरक्षा शिविर पर आतंकियों ने गोलीबारी की। इसमें दो जवान घायल हुए। सेना ने फायरिंग की तो आतंकी जंगल की ओर भाग गए, वहां सेना, पुलिस व सीआरपीएफ के जवानों ने उन्हें घेर लिया है। पूरे जिले में हाईअलर्ट जारी किया है। सेना व आतंकियों के बीच रुक-रुककर फायरिंग हुई जो समाचार लिखे जाने तक जारी थी।

### डोडा-कठुआ में 24 आतंकी छुपे

जम्मू में 84 दिन में 10 आतंकी हमलों में 12 जवानों की शहादत के बाद सेना ने सबसे बड़ा सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। ऑपरेशन में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के 7,000 जवान, 8 ड्रोन, हेलीकॉप्टर्स, करीब 40 खोजी कुत्तों को लगाया गया है। बताया जा रहा है कि डोडा और कठुआ क्षेत्र में करीब 24 आतंकवादी छुपे हुए हैं।

### 15 जुलाई को 5 जवान शहीद हुए थे

डोडा में 15 जुलाई को मुठभेड़ में सेना के कैप्टन और पुलिसकर्मी समेत 5 जवान शहीद हो गए थे। 16 जुलाई को डोडा के डेसा फोरेस्ट बेल्ट के कलां भाटा में पंचान भाटा में फिर फायरिंग हुई थी। इन्हीं घटनाओं के बाद सर्च ऑपरेशन चलाने के लिए सेना ने जद्दन बाटा गांव के सरकारी स्कूल में अस्थायी सुरक्षा शिविर बनाया था।

### छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट, 2 जवान शहीद

**जगदलपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाई गई आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एसटीएफ के 2 जवान शहीद हो गए हैं। शहीद जवानों में एक रायपुर और एक नारायणपुर के हैं। वहीं, 4 जवान घायल हुए हैं। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर रायपुर भेजा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बीजापुर, सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सीमा पर दरभा डिवीजन के नक्सली बड़ी संख्या में मौजूद हैं। सूचना पर तीनों जिलों से एसटीएफ, डीआरजी, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को ऑपरेशन के लिए भेजा था। बीजापुर ब्लास्ट में शहीद जवानों के शव जगदलपुर स्थित पुलिस लाइन में रखे गए हैं।

## बजट मांग — ऐजवेल फाउंडेशन ने वित्त मंत्री के लिए प्रस्तावों की रूपरेखा तैयार की

# आम बजट में केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों पर दे ध्यान

*वृद्धावस्था में पेंशन में केंद्र के योगदान की समीक्षा हो, प्रतिमाह मिलने वाली पेंशन में 200 से 500 रुपये तक की बढ़ोतरी की जाए*

- *गांवों में रहने वाले बुजुर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने की वकालत*
- *दवाइयों और जरूरी चीजों में जीएसटी में छूट दे सरकार*

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय बजट के संसद में पेश किए जाने से कुछ दिन पहले बृहस्पतिवार को भारत भर में बुजुर्गों की देखभाल में जुटे कई गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने सरकार से आम बजट में देश के वरिष्ठ नागरिकों की जरूरतों पर ध्यान देने का आग्रह किया। 'ऐजवेल फाउंडेशन' और 'हेल्पएज इंडिया' जैसे संगठनों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिए व्यापक प्रस्तावों की एक रूपरेखा तैयार की और बुजुर्गों को वित्तीय समर्थन, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने की तत्काल जरूरत को रेखांकित किया। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (एनएसएपी) के अंतर्गत वृद्धावस्था पेंशन में केंद्र सरकार के योगदान की समीक्षा की भी मांग की गई है।

### यह भी कहा एनजीओ ने

एनजीओ मौजूदा समय में मिलने वाली प्रतिमाह 200 से 500 रुपये की पेंशन राशि को बढ़ाने और इसे 60 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले बुजुर्गों के लिए 1000 रुपये और 80 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए प्रतिमाह 1500 रुपये करने की वकालत कर रहे हैं। राज्य सरकार के अंशदान के जुड़ने पर राष्ट्रीय न्यूनतम पेंशन 1500 से 3000 रुपये प्रति माह हो जाएगी, जोकि राज्य की राजकोषीय क्षमता पर निर्भर होगी।



### ईएसएचजी मॉडल को बढ़ाएं

ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों की आजीविका को बढ़ाने के लिए गैर सरकारी संगठनों ने देश भर में बुजुर्ग स्वंय सहायता समूह (ईएसएचजी) मॉडल को बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। इस पहल का उद्देश्य गांव में रहने वाले बुजुर्गों के लिए वित्तीय, सामाजिक और डिजिटल समावेशन में सुधार करने के साथ-साथ राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों को भी इसी तरह का समर्थन प्रदान करना है।

### बुजुर्गों को लाभ पहुंचाएं

'एजवेल फाउंडेशन' ने बुजुर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए कर-संबंधी कई उपायों की अपील की है, जिनमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए मूल आयकर छूट सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने, 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले बुजुर्गों के लिए पेंशन को कर-मुक्त बनाने और धारा 80सी और 80टीटीबी के तहत कर कटौती को बढ़ाकर 75 हजार रुपये करना शामिल है। बुजुर्गों द्वारा उपयोग की जाने वाली आवश्यक सेवाओं और उत्पादों जैसे वयस्क डायपर, दवाइयों और स्वास्थ्य देखभाल उपकरणों पर जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर)छूट की भी मांग की है।

50 वर्षों के गौरवशाली अतीत वाला एक संस्थान जहाँ 1976 से निरंतर पैरामेडिक्स को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
पैरा मेडिकल पाठ्यक्रम को भारत सरकार एवं राज्य सरकारों / पैरामेडिकल काउंसिल बोर्ड से अनुमोदित /मान्यता प्राप्त हैं।
वीर्यैव बलम्

**डिप्लोमा कोर्स (प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम) योग्यता : 10वीं / 12वीं पास**
- मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन
- डेंटल लैब तकनीशियन / हाईजेनिस्ट
- एक्सरे एवं इसीजी तकनीशियन
- पब्लिक हैल्थ एवं सनिटेशन तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- कार्डियो वसकुलर तकनीशियन
- डायलिसिस तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- अनेस्थेसिया तकनीशियन
- फिजियोथेरपी
- ओफ्थल्मीक तकनीशियन
- सीटी / एमआरआई तकनीशियन

**बैचलर ऑफ साइंस योग्यता : PCB / PCM से 10वीं / 12वीं तथा स्नातक**
- B.Sc मेडिकल लेबोरेटरी तकनीशियन (BMLT)
- रेडियो इमेजिंग तकनीशियन (BRIT)
- डायलिसिस तकनीशियन
- ऑपरेशन थिएटर तकनीशियन
- कैथ लैब तकनीशियन
- बैचलर ऑफ फिजियोथेरपी
- ऑप्टोमेट्री
- कार्डियक केयर तकनीशियन
- M.Sc मेडिकल लैबोरेटरी तकनीशियन

पैरामेडिकल और नर्सिंग में चुनें अपना सुनहरा भविष्य SCAN ME
**प्रवेश आरंभ 2024**
- 1976 से भारत के बेंचमार्क (मानक) पैरामेडिकल शिक्षकों द्वारा
- दुनिया का सबसे अधिक मांग वाले प्रतिस्पर्धी चिकित्सा / स्वास्थ्य सेवा में उच्च वेतन पैकेज के साथ प्लेसमेंट आवेदन आमंत्रित करता है।
- वैश्विक उद्योग – अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट के लिए विदेशी एजेंसियों के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- डीएनसी / आईएनसी, दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त।

5 मिनट की दूरी पर • एयरोसिटी भूमिगत मेट्रो मल्टी–लाइन से अवस्थान। • बार–बार डीटीसी बस सेवाएं दिल्ली–एनसीआर के सभी हिस्सों से

**B. VOC. & M. VOC.**
Bachelor/Masters of Vocational Studies
**ANM & GNM**
AUXILIARY /GENERAL : NURSING & MIDWIFERY

**इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हैल्थ एंड हाइजीन**
RZ–A–44 महिपालपुर, नई दिल्ली–37
Email : iphh76@gmail.com www.iphhparamedic.in
9811817972
8178552287

## खबर संक्षेप

### टीबी मुक्त भारत अभियान की टीम राज्यपाल से मिली

चंडीगढ़। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से हरियाणा राजभवन में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. धर्मा राव के नेतृत्व में डॉ. अंजोरी अग्रवाल राष्ट्रीय सलाहकार, डॉ. सुखवंत सिंह डब्ल्यूएचओ सलाहकार हरियाणा, डॉ. निशांत सोनी डब्ल्यूएचओ सलाहकार हरियाणा, डॉ. चिन्नार एपीओ राज्य टीबी सेल हरियाणा, सुश्री सरिता नरयाल एसीएसएम राज्य टीबी सेल हरियाणा ने मुलाकात की। डॉ. राव ने राज्यपाल हरियाणा को टीबी मुक्त अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### पदों की मांग तुरंत अपलोड करें विभाग

**चंडीगढ़।** प्रदेश मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं कि जिन विभागों ने ग्रुप-सी के पदों पर भर्ती के लिए औपचारिक मांग अपलोड नहीं की है, वे तत्काल हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पोर्टल पर मांग अपलोड करें। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा सभी विभागों को इस आशय का एक पत्र भेजा गया है।

### अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित : सैनी

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने हरियाणा की नायब सरकार द्वारा अग्निवीरों को जॉब की पक्की गारंटी देने की घोषणा का स्वागत किया है। अरविंद सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने प्रदेख के सरकारी विभागों में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देकर अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित करने का काम किया है। इससे युवाओं में देश के प्रति प्रेम और फौज में जाने की इच्छा को और अधिक बल मिलेगा तथा अधिक से अधिक युवा अग्निवीर बनने के लिए आगे आएंगे।

### किशोर गृह में आधार अपडेट शिविर आयोजित

**चंडीगढ़।** समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) चंडीगढ़ ने सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) चंडीगढ़ के सहयोग से सेक्टर 55 में पिंगलवाड़ा सोसायटी केंद्र और सेक्टर 25, चंडीगढ़ में लड़कों के लिए किशोर अवलोकन गृह में आधार नामांकन शिविर आयोजित किए। शिविरों में 57 नामांकन और अपडेट सफलतापूर्वक किए गए।

# कांग्रेस को झटका, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी आप

## पार्टी ने हरियाणा में फूंका चुनावी बिगुल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने की घोषणा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ 'बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल' स्लोगन से चुनाव कैंपेन का किया आगाज

हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर कमर कस ली है। इसको लेकर गुरुवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान, राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह और राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने ने संयुक प्रेसवार्ता की। इस दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता और वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा भी मौजूद रहे। पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जब से गुजरात में 14% वोट लिए तब आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग द्वारा प्रमाणित राष्ट्रीय पार्टी है। आम आदमी पार्टी ने सबसे तेज राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त किया है। दो राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार है, 5 विधायक गुजरात और 2 विधायक गोवा में हैं। चंडीगढ़ और सिंगोली में हमारा मेयर है। आम आदमी पार्टी पूरी ताकत के साथ सभी 90 विधानसभा सीटों पर हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी।



चंडीगढ़। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते पंजाब के सीएम व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेतागण।

### बदलाव चाहती है जनता

दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है। आधा हरियाणा पंजाब तो आधा दिल्ली से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों को मौका दिया। लेकिन सबने हरियाणा को लूटा, इसलिए हरियाणा के लोग अब बदलाव चाहते हैं। हरियाणा के लाल अरविंद केजरीवाल ने पूरे देश की राजनीति को बदला। इसलिए इस बार बदलेंगे हरियाणा का हाल अब लाएंगे केजरीवाल।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का दिल्ली और पंजाब से क्लचर मिलता है। अभी विधानसभा उप चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जालंधर सीट से एकतरफा जीत दर्ज की। लोकसभा चुनाव में संगरूर, होशियारपुर और अनंतपुर सीट जीती। मुख्यमंत्री होने के नाते मेरा फर्ज बनता है कि जहां भी पूरे देश में मेरी ड्यूटी लगाई जाएगी मैं प्रचार करने जाऊंगा। हम पूरी ताकत के साथ एक टीम बनाकर लड़ेंगे।

### प्रदेश में मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे : संजय सिंह

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अभी ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी। ये निर्णय हमने इसलिए किया क्योंकि क्योंकि हरियाणा की जनता ने सभी पार्टियों का शासन देखा। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार पिछले 10 साल से हरियाणा में डबल इंजन की सरकार चल रही है। लेकिन पिछले 10 साल में इस डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा को क्या दिया है, ये बहुत महत्वपूर्ण सवाल है।

### सरकार बनाने का संकल्प

राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि यदि किसी के मन में भी ये संदेह है कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में चुनाव कैसे लड़ेगी, तो मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में ऐसा चुनाव लड़ेगी दुनिया देखेगी। आज से पहले ऐसा द्वंद्व न पहले कभी हुआ होगा और न ही कभी होगा। आम आदमी पार्टी सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेगी। हर सीट और हर बूथ पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। पार्टी 6500 गांवों में बदलाव जनसंवाद सभा कर चुकी है।

# 1000 आंगनबाड़ियों की मरम्मत पर खर्च होंगे 17 करोड़ रुपये

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने की घोषणा

■ प्रदेश में 25450 आंगनबाड़ियों का सुव्यवस्थित नेटवर्क

महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार आंगनबाड़ियों के भवनों की मरम्मत की जाएगी और कई गांवों में नए भवनों का भी निर्माण किया जाएगा। प्रथम चरण में 1000 आंगनबाड़ियों के भवनों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए 17 करोड़ जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में जहां आंगनबाड़ियों के मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा वहीं नई इमारतों, पंजीरी प्लांटों की स्थापना की जाएगी। इनके अलावा , अंबाला में बहुउद्देश्यीय विभागीय का भवन भी निर्मित किया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि आंगनबाड़ियों में बच्चों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करना आवश्यक है। यहां पर उनको न केवल पूरक पोषण मिलता है, बल्कि प्री-स्कूल शिक्षा भी मिलती है। राज्य की सभी आंगनबाड़ियों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

असीम गोयल नन्यौला ने विभाग की प्रगति के अपने जज्बे का संकल्प दोहराते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की बच्चों एवं महिला केंद्रित योजनाओं और कार्यक्रमों को राज्य भर की 25450 आंगनवाड़ियों के एक सुव्यवस्थित नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। इन आंगनवाड़ियों में लगभग 12 लाख लाभार्थियों को पूरक पोषण, अनौपचारिक पूर्व-विद्यालय शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य शिक्षा, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं दी जा रही हैं।

### 9900 विभागों के भवनों में चल रही

उन्होंने बताया कि लगभग 9900 आंगनबाड़ियों विभाग के स्वामित्व वाली इमारतों में चल रही हैं, जबकि अन्य या तो स्कूल परिसर में या अन्य विभागीय भवनों में चल रही हैं।महिला एवं बाल विकास मंत्री ने बताया कि कुछ आंगनवाड़ियों की इमारतों का निर्माण काफी समय पहले किया गया था और इनमे से कुछ इमारतों को मरम्मत की आवश्यकता महसूस हुई। इसी कारण 1000 आंगनवाड़ियों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए प्रथम चरण में 17 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है।

# भिवानी बोर्ड की परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

## पारदर्शी तरीके से युवाओं को मिल रही नौकरियां : नायब सिंह सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

■ मुख्यमंत्री ने दसवीं व बारहवीं के 300 बच्चों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में पारदर्शी तरीके से युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही हैं और प्रदेश में एक ऐसा वातावरण तैयार हुआ है जिसमें गरीब के बच्चे भी अब एचसीएस ऑफिसर व पुलिस विभाग में इंस्पेक्टर के पदों पर नियुक्त हो रहे हैं। प्रदेश में बदले इस वातावरण से युवाओं में एक आस जगी है कि अब उन्हें मेहनत के बल पर सरकारी नौकरी मिल सकती है, जिसके लिए वे कड़ी मेहनत के साथ-साथ कोचिंग सेंटरों में भी ट्रेनिंग ले रहे हैं और यह विश्वास जगा है कि अब लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति को भी जीवन में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। मुख्यमंत्री नायब सैनी कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज, करनाल के सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हरियाणा शिक्षा बोर्ड भिवानी की दसवीं व बारहवीं कक्षा में राज्य व जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले करीब 300 मेधावी छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनाकर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया तथा उनको उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



# किसानों के लिए भाजपा के पास वादों के सिवा कुछ भी नहीं : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्ष 2016 में शुरू हुई फसल बीमा योजना के बावजूद 15 जिलों के किसान अभी भी बीमा के इंतजार में हैं। 31 लाख हेक्टेयर में फसल बर्बाद होने के बाद भी 8,348 करोड़ का क्लेम पेंडिंग है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर नाकामी साबित हुई है। किसानों के लिए इसके पास चुनावी वादों के सिवा कुछ भी नहीं है। कांग्रेस सरकार के बनते ही किसान हितैषी नीतियों को परिपक्वता मिलेगी और एमएसपी का कानूनी हक दिया जाएगा। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में करीब आठ लाख किसान फसल बीमा करवाते है पर अभी तक सरकार सात जिलों के कलस्टर के लिए एक एजेंसी ही फाइनल कर पाई है।




**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67-70, सेक्टर-2, पंचकूला-134151
फोन नं. 0172-2586501, वेबसाइट : www.hssc.gov.in

**वापसी सूचना**

09.03.2024 को प्रकाशित विज्ञा. सं. 3/2024 के तहत विभिन्न विभागों के ईएसपी/ओएसपी कोटा पदों की विशेष भर्ती के संदर्भ में, जोकि आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध है।

हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के पत्र सं. 22/10/2023-5एचआर-III दिनांक 04 जून 2024 के संदर्भ में, यह निर्णय लिया गया है कि सभी पदों को विज्ञापन सं. 3/2024 से वापस ले लिया गया है। इन पदों हेतु ईएसपी / ओएसपी कोटा की विशेष भर्ती का नया विज्ञापन शीघ्र जारी किया जाएगा।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- अवर सचिव,
दिनांक : 17 जुलाई 2024 — कृते सचिव, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग
संवाद-1159/13/646/2025/27928/88/6 दि. 18.07.24 — पंचकूला



**कार्यालयः- महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द**

Gmail to: gmhrjind1@gmail.com

**निविदा सूचना**

निदेशालय, राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैन्ड, जीन्द के 5 किलोमीटर एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्र के 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले पेट्रोल पम्प से कम से कम 15 दिन ( अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी ) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जायेगा:-

| क्र. सं. | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 7500 लीटर प्रतिदिन |
| 2 | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 2500 लीटर प्रतिदिन |
| 3 | सफीदों बस स्टैण्ड | लगभग 2000 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे में केवल दायरे के अन्दर आने वाले सभी पेट्रोल पम्प डीलरों को इस निविदा सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी अपनी कुटेशन बन्द लिफाफे में दिनांक 22.07.2024 को सुबह 10:00 बजे तक कार्यालयः महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द में जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा दिनांक 22.07.2024 को सुबह 11:00 बजे इच्छुक डीलरों की उपस्थिति में ही इन कुटेशनों को नियमानुसार खोला जाएगा। फर्म को भुगतान 15 कार्यदिवस में किया जाएगा। फर्म/पेट्रोल पम्प डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने-जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना ना करना पड़े। पेट्रोल पम्प डीलर को विभाग के कर्मचारियों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पम्प पर आने व जाने के समय भीड़/जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों का चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पम्प तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबन्ध रद्द कर दिया जाएगा। सशर्ते कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पैट्रोल पम्प इस डिपो को डीजल की Supply निरंतर करते रहेंगे व किसी अपरिहार्य कारणों के कारण Supply बंद करते हो तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबन्ध आगे बढ़ाया जायेगा या नहीं, इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सभी दिशानिर्देश/हिदायतों की शर्तों की पालना करना होगा।**

हस्ता/- महाप्रबन्धक
हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द

पीआरडीएच-1119/11/522/2025/27960/88/6 दि. 18.07.24


# डीजीपी कपूर की पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का लोकार्पण




■ केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने किया लोकार्पण

**चंडीगढ़।** केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने नई दिल्ली स्थित नए महाराष्ट्र सदन में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लिखित पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का लोकार्पण किया। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डीके शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। यह पुस्तक हरियाणा में बिजली सुधारों की दिशा में किए गए प्रयासों पर आधारित है। केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि 2014 में केवल प्रदेश के 105 गांवों में 24 घंटे बिजली दी जाती थी, और 7000 करोड़ से अधिक के बकाया बिल थे। परन्तु हरियाणा में बिजली कंपनियों को घाटे से उबारने और मुनाफे में लाने के लिए 2016 में उदय योजना के तहत व्यापक सुधार के कदम उठाए गए।

# सुषमा गुप्ता हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव नियुक्त



**चंडीगढ़।** हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता को नियुक्त किया गया है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की ओर से नियुक्ति के आदेश जारी किए गए हैं, उनका कार्यकाल तीन वर्ष के लिए होगा।हरियाणा बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव सुषमा गुप्ता ने गुरुवार को सेक्टर-16 स्थित मुख्यालय में पदभार संभाला। फरीदाबाद निवासी सुषमा गुप्ता लंबे समय से सामाजिक कार्यों से जुड़ी हुई हैं। सुषमा गुप्ता के पास हरियाणा रेडक्रास में वाइस चेसरपर्सन का भी प्रभार है। राज्यपाल की ओर से बाल कल्याण परिषद की मानद महासचिव का उन्हें अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया।

# विस चुनाव लड़ेगी चढ़ूनी की संयुक्त संघर्ष पार्टी



**रोहतक।** संयुक्त संघर्ष पार्टी के संयोजक एवं किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि उनकी पार्टी विधानसभा चुनाव में सभी 90 विधानसभा सीट पर इलेक्शन लड़ेगी। चढ़ूनी वीरवार को मकड़ौली टोल प्लाजा पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में भाजपा और जेजेपी से गठबंधन नहीं होगा। इन्होंने कहा कि गठबंधन को लेकर फिलहाल तक किसी भी दल से बातचीत नहीं हुई है। चढ़ूनी ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीतिक दल लोगों की सेवा करने की बजाय धन अर्जित करने आते हैं। दलों ने बड़े-बड़े पूंजीपतियों से सांठगांठ कर ली है। उनके हाथों की कठपुतलियां बनाकर उनके हित में ही नीतियां बनाई जाती है।

# मांगों को लेकर आंदोलन की राह पर नर्सिंग एसो.



**चंडीगढ़।** ऑल नर्सिंग ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की ओर से स्वास्थ्य मंत्री के हिसार स्थित आवास पर जाकर उनके समक्ष अपनी मांगें रखी। उनकी मांगों को सुनकर स्वास्थ्य मंत्री ने कोई संतोषजनक, ठोस जवाब नहीं दिया। इससे प्रदेश में सभी नर्सिंग ऑफिसर्स में रोष है। ऑल नर्सिंग ऑफिसर वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा की प्रधान सुनीता ने कार्यकारिणी से मंत्रणा करके घोषणा की कि 23 जुलाई को अस्पतालों में ड्यूटी पर काले बिल्ले लगाकर नर्सिंग ऑफिसर्स काम करते हुए अपना विरोध जताएंगी। इसके बाद 28 जुलाई को सीएम सिटी में मुख्यमंत्री हरियाणा के कार्यालय का घेराव किया जाएगा। उन्होंने मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की।

# 465 एसआई की नौकरी पर संकट

■ हाईकोर्ट ने सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंक देने पर मांगा जवाब

**चंडीगढ़।** 400 पुरुष व 65 महिला सब इंस्पेक्टरों की नियुक्ति का परिणाम सामाजिक व आर्थिक आधार पर अंकों का लाभ देकर जारी करने और इन्हें नियुक्ति देने को चुनौती देने वाली याचिका पर पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने सरकार व अन्य का नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने और ज्वाइनिंग के बाद दाखिल इस याचिका से अब चयनित 465 एसआई की नौकरी पर तलवार लटक गई है। याचिका दाखिल करते हुए प्रदीप प्रिंस शर्मा व अन्य ने एडवोकेट आदित्य यादव के माध्यम से हाईकोर्ट को बताया कि हरियाणा में 400 पुरुष व 65 महिला सब इंस्पेक्टर के पद के लिए 2021 में आवेदन मांगे थे। याचिकाकर्ता नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल हुए और उन्हें दस्तावेजों की जांच के लिए भी बुलाया गया लेकिन अंतिम चयन सूची में उनका नाम नहीं था।

# एनडीपीएस के 2405 मामले दर्ज

**चंडीगढ़।** हरियाणा में प्रभावी कानून प्रवर्तन, व्यापक जागरूकता अभियान और नशामुक्ति के लिए लगातार जन समर्थन जुटाकर नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के लिए एक सघन अभियान चलाया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुई नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक में भाग लेने के बाद मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने बताया कि राज्य में जनवरी 2023 से मार्च 2024 तक 2405 एनडीपीएस मामले दर्ज किए गए और 3562 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर करोड़ों की नकदी बरामद की गई।

# 23 तक चलेगी सिपाही पुरुष की पीएमटी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने कहा कि हरियाणा पुलिस में सिपाही पुरुष (सामान्य डयूटी) के 5 हजार पदों के लिए कुल 8 गुणा उम्मीदवार शारीरिक मापदंड परीक्षादेंगे। पहले चरण में 6 गुणा उम्मीदवारों का शेड्यूल जारी किया गया है, जिसके अनुसार, 16 जुलाई, 2024 से जिला पंचकूला के सेक्टर-3 स्थित ताऊ देवीलाल खेल परिसर में पीएमटी शुरू हो चुकी है, जो 23 जुलाई तक चलेगी। पहले दिन 2 हजार उम्मीदवारों को बुलाया गया था, जबकि 18 जुलाई से प्रतिदिन 5-5 हजार उम्मीदवारों को पीएमटी के लिए बुलाया जाएगा।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | कैनाल कॉलोनी, रोहतक में एफएच नं. 02 की व्हाइट वॉशिंग हेतु आकलन। | बंद होने की तिथि 22.07.2024 | 1.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 2 | पंचायती राज पानीपत | समालखा - ब्लॉक, एमपीएलएडी स्कीम (2023-2024) के तहत गांव जीतगढ़ (जौरासी खास) जिला पानीपत में कश्यप चौपाल का निर्माण + 47 कार्य। | 17.07.2024 22.07.2024 | 752.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | अम्बाला में आरसीएस उडान स्कीम के तहत उड़ानों का प्रचालन प्रारम्भ करने के लिए अम्बाला में सिविल एंक्लेव की स्थापना हेतु अतिरिक्त कार्य। (180 केवीए डीजी सैट का प्रावधान) + 1 कार्य। | 18.07.2024 24.07.2024 | 31.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज मोरनी, पंचकूला | टिक्कर-गांव भोगपुर में गली लाजबीर के मकान और डंगा का निर्माण, गांव बोंटा में गली का निर्माण, गांव दिन्दान जीपी टिक्कर, ब्लॉक मोरनी में श्री जय राम के लिए जल संग्रहण टैंक का निर्माण, स्कीम एसडीए + 1 कार्य। | 17.07.2024 23.07.2024 | 13.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416055244 dharambirsai@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला चरखी दादरी में लघु सचिवालय के आवासीय क्वार्टर का निर्माण (आंतरिक ई.आई. का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 17.07.2024 26.07.2024 | 196.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | बागवानी विभाग हरियाणा मुनीमपुर, झज्जर | सीओई, मुनीमपुर, झज्जर में क्वालिटी प्लांटिंग मैटीरियल की आपूर्ति। | 22.07.2024 01.08.2024 | ईएमडी 68000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9671627548 coemunimpur@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 24.10 - गांव सिलोठी, ब्लॉक बहादुरगढ़ में सिलोठी मातन रोड से पंचायत भूमि (66 बीघा) तक ऐज रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 3 कार्य। | 16.07.2024 22.07.2024 | 398.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज झज्जर | 97.41 - गांव मदाना कलां, ब्लॉक बेरी में फील्ड रास्ता का निर्माण + 3 कार्य। | 15.07.2024 22.07.2024 | 311.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज झज्जर | 5.00 - गांव नूना माजरा, ब्लॉक बहादुरगढ़ में श्याम जी गऊ शाला समिति में शैड का निर्माण। | 16.07.2024 22.07.2024 | 4.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2025/180/27961/I/88/6 दि. 18.07.24

**खबर संक्षेप**

### सीएम फ्लाइंग ने विदेशी ई-सिगरेट बेचता धरा

**गुरुग्राम।** सीएम फ्लाइंग ने सेक्टर-50 एरिया के एक मॉल की शॉप में प्रतिबंधित विदेशी व ई-सिगरेट बेचते युवक को काबू किया है। टीम ने आरोपी से भारी मात्रा में प्रतिबंधित विदेशी व ई-सिगरेट बरामद कर केस दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान बिहार के वैशाली निवासी अमोद के रूप में हुई जो यहां समसपुर में किराए पर रहता है।

### 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर छात्र ने दी जान

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर 85 एडोर होम सोसायटी में गुरुवार तडक़े करीब तीन बजे एक छात्र ने 14वीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। अभी आत्महत्या के पीछे का कारण सामने नहीं आया है। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। दिव्यांशु के फुफेरे भाई राहुल तिवारी ने बताया कि वह 12वीं कक्षा में बल्लभगढ़ के निजी स्कूल में पढ़ता था। दिव्यांशु तडक़े तीन बजे 11वीं मंजिल से 14वीं मंजिल पर गया और छत से कूद गया। सिक्योरिटी गार्ड ने आवाज सुनी तो उसने परिजन को जानकारी दी।

## ग्रामीणों में फिर दहशत बढ़ी, मौके पर जंगली जानवर के नहीं मिले निशान

# अब गोकलगढ़ में नजर आया तेंदुआ वन्य प्राणी विभाग ने नहीं की पुष्टि

- तेंदुआ और दो शावकों को खेत में देखे जाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

वीरवार को गोकलगढ़ गांव के खेतों में तेंदुआ देखे जाने की खबर से ग्रामीणों में फिर दहशत बढ़ गई। देखते ही देखते मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। लोगों का दावा है कि उन्होंने एक तेंदुआ और उसके दो शावकों को जाते देखा है। वो गन्ने के खेतों में आंखों से गायब हो गए। किसी युवक द्वारा एक फोटो भी ली गई है। इसमें दिख रहे जंगली जानवर के तेंदुआ के शावक होने का दावा किया जा रहा है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे वाइल्डलाइफ विभाग के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने मौके का मुआयना किया तो उन्हें मौके पर किसी भी जंगली जानवर के निशान नहीं मिले। ऐसा मौके पर घास होने के चलते हुआ। वहीं उन्होंने फोटो बारे बताया कि फोटो अस्पष्ट है। फोटो से भी तेंदुआ होने की पुष्टि नहीं हो रही है।


**अंबाला।** खेत में मौके पर जुटे ग्रामीण।

### स्कूल में कक्षाओं की जगह बदली

उधर, ठाकुरपुरा के सरकारी स्कूल में बच्चों व पीटीआई अध्यापक द्वारा तेंदुआ देखे जाने के दावे के बाद वीरवार को स्कूल में छात्र भय के साये में पढ़ने आए। बच्चे सहमे व डरे हुए थे। स्कूल प्रबंधन द्वारा भी एहतियात के तौर पर कदम उठाते हुए स्कूली बच्चों की कक्षाएं स्कूल में जिस तरफ तेंदुआ देखा गया था, वहां न लगवाकर अन्य कमरों में लगाई गई, ताकि बच्चे कुछ भयमुक्त होकर पढ़ाई पर ध्यान दे सकें। वहीं ठाकुरपुरा में जंगली जानवर पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया हुआ है।

### तेंदुए के हमले का शिकार बच्चा गम्भीर



जंगली जानवर द्वारा गंभीर रूप से घायल ठरवा गांव के 5 वर्षीय दीपांशु की हालत गंभीर बनी हुई है। दीपांशु को पीजीआई से नारायणगढ़ सिविल अस्पताल रेफर किया गया है। दीपांशु से कुछ खाया-पिया नहीं जा रहा है। दीपांशु के पिता राकेश कुमार ने बताया कि अगर दीपांशु को कुछ खाने को देते हैं तो वह उसके जख्मों से निकल आता है। इसके चलते दीपांशु की हालत में सुधार नहीं है। उन्होंने बताया कि वो दीपांशु के इलाज पर करीब 1 लाख रुपए खर्च चुके है। उनका काम मेहनत मजदूरी का है। अब आगे इलाज का खर्चा उठाना भी उनके लिए मुश्किल हो चला है। दीपांशु का इलाज नारायणगढ़ सिविल अस्पताल में जारी है। दीपांशु की मां रजनी का दावा है कि उसके बेटे को तेंदुए ने घायल किया है।

# वाटर पार्क में डूबने से 6 वर्षीय छात्रा की मौत



- वाटर पार्क के संचालक के खिलाफ केस दर्ज करवाया
- सौंदापुर स्थित किंगलैंड वाटर पार्क में गया था स्कूल का ट्रिप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के सौंदापुर स्थित किंगलैंड वाटर पार्क में छह साल की बच्ची हितेषी जैन की पानी में डूबने से मौत हो गई। हितेषी, पानीपत की संजय कॉलोनी स्थित जीडी पब्लिक स्कूल में पढ़ती थी और वीरवार को स्कूल का ट्रिप वाटर पार्क के लिए निकला था। दोपहर को सभी बच्चे वाटर पार्क में नहा रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में बच्ची वाटर पार्क में डूब गई। काफी देर बाद जब बच्ची को पानी से निकाला तो वह अचेत थी। आनन-फानन में टीचर्स उसे नजदीकी एक निजी अस्पताल ले गए। निजी अस्पताल में चिकित्सकों ने हितेषी को रेफर कर दिया।वहीं टीचर्स, हितेषी को लेकर पानीपत के सिविल अस्पताल पहुंचे, यहां चिकित्सकों ने हितेषी को मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल जांचा और फिर अस्पताल पहुंची। पुलिस ने बच्ची के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखा दिया। इधर, पुलिस ने जीडी पब्लिक स्कूल प्रशासन की शिकायत पर किंगलैंड वाटर पार्क संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# असलहा के बल पर गाड़ी चालक से 1.70 लाख लूटे

- बाइक सवार दो बदमाशें ने दिया वारदात का अंजाम
- पत्थर मार तोड़ा गाड़ी का शीशा फिर चालक को किया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जाजनवाला के निकट हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाइवे पर बाइक सवारों ने पहले ईंट मार कर गाड़ी का शीशा तोड़ा फिर असलहा के बल पर चालक से एक लाख 70 हजार की नगदी लूट ली। हालात यहां तक रहे कि भयभीत चालक से गाड़ी गड्ढों में उतर गई।

गांव कुंभाखेडा (हिसार) निवासी आशीष ने पुलिस को बताया कि वह अपनी गाड़ी में परचून का सामान बेचकर गांव दनौदा से उकलाना जा रहा था। गांव जाजनवाला से निकलते ही गाड़ी के गर्म होने पर उसे साइड में रोक दिया। कुछ समय के बाद बाइक सवार उसके पास आए और पत्थर उठा कर उसकी गाड़ी के शीशे को तोड़ा डाला। जिसके बाद युवकों ने उसे असलहा के बल पर काबू कर लिया और गाड़ी में रखी एक लाख 70 हजार रुपये की नगदी को लूट लिया। जब वह गाड़ी को स्टाट कर चलाने लगा तो आरोपितों ने फिर से असलहा उसकी तरफ कर दिया। जिसके चलते वह डर गया और गाड़ी गड्ढों में उतर गई। जिसमें उसे चोटें आई। बाद में उसे उकलाना नागरिक अस्पताल ले जाया गया। सदर थाना पुलिस ने गाड़ी चालक आशीष की शिकायत पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुष्कर्म आरोपी ने पीड़िता से निकाह किया, तलाक का बना रहा अब दबाव

**पानीपत।** शहर की एक कॉलोनी में रहने वाली महिला से दुष्कर्म के आरोपी ने जेल जाने से बचने के लिए उससे निकाह कर लिया। अब आरोपी उस पर तलाक देने का दबाव बना रहा है। पीड़िता तीन बच्चों की मां है और वर्तमान में चार महीने की गर्भवती है। पीड़िता का आरोप है कि पति उसे अपने गांव भोजपुर, यूपी ले गया और वहां नौ दिनों तक बंधक बना कर रखा। चाकू के बल पर तलाक के कागजातों पर हस्ताक्षर करवा लिए। पति ने उसे धमकी दी है कि अगर उसने तलाक नहीं दिया तो वह उसे जान से मार देगा। इधर, पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर संबंधित थाना पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी पति और उसका साथ देने वाले उसके दोस्त के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फर्जी प्रमाण पत्र पर दी परीक्षा, पांच छात्रों के खिलाफ केस दर्ज

**फतेहाबाद।** कोविड काल के बाद फर्जी प्रमाण पत्र का प्रयोग करके दाखिला लेने व परीक्षा देने पर पुलिस ने 5 छात्रों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया गया है। कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष अप्रैल 2020-2021 में हरियाणा शिक्षा विभाग के आदेशानुसार बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन नहीं हुआ था। जिस कारण परीक्षार्थियों द्वारा माध्यमिक परीक्षा अन्य राज्य बोर्डों से पास की गई थी।। पांच छात्रों विजय कुमार, धर्मप्रीत, संजय, विक्रम व सागर कुमार को 10वीं कक्षा की अन्य बोर्डों द्वारा परीक्षा पास करने पर किसी भी प्रकार का कोई लाभ प्राप्त नहीं किया गया है। इनका 10वीं का प्रमाण पत्र नकली मानते हुए 12वीं का रिजल्ट हरियाणा बोर्ड भिवानी द्वारा खारिज कर दिया गया है। अब पांचों पर केस दर्ज करवाया है।

# मासूम का शव ले जा रही एंबुलेंस ट्रक से भिड़ी, चार लोग घायल

- पीड़ित परिवार ने लगाया एंबुलेंस चालक पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव लकड़िया के नजदीक एंबुलेंस चालक ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। जिस कारण एंबुलेंस में सवार तीन सवारियों को गंभीर चोटे आई।


यह हादसा उस दौरान हुआ जब रेवाड़ी का परिवार रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान हुई मौत के बाद करीब ढाई माह की बच्ची के शव को लेकर एंबुलेंस में रेवाड़ी जा रहा था। परिवार के मुखिया ने इस दुर्घटना का जिम्मेवार एंबुलेंस चालक को ठहराया है। रेवाड़ी के बल्लुवाड़ा मौहल्ला निवासी हेमंत कुमार पुत्र औमप्रकाश ने बताया कि उसकी ढाई माह की पुत्री काव्या का उपचार रोहतक में चल रहा था। बीती 16 जुलाई को उपचार के दौरान काव्या ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद वह एक प्राइवेट एंबुलेंस को किराए पर लेकर अपने दोस्त विशाल, मां कौशल्या, पत्नी ईशा, बड़े भाई हरीश, साली सविता के साथ काव्या का शव लेकर रेवाड़ी लौट रहा था। उस दौरान जब एंबुलेंस चालक तेज गति से गाड़ी चला रहा था तो उन्होंने उसे टोका लेकिन वह अपनी हरकत से बाज नहीं आया।

लकड़िया गांव के नजदीक उसने एंबुलेंस से आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी। इस टक्कर में जहां सभी को हल्की-फुल्की चोटें आई वहीं एंबुलेंस चालक सोनू सहित उसका दोस्त विशाल, बड़ा भाई हरीश व साली सविता गंभीर रूप से घायल हो गए।



## खबर संक्षेप

### सोने में लगातार तेजी 700 रुपए और मजबूत



**नई दिल्ली।** ताजा घरेलू मांग के साथ साथ रुपये में अवमूल्यन के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 700 रुपये की बढ़त के साथ 76,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 75,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### हैवेल्स इंडिया के लाभ में 42 फीसदी का इजाफा

HAVELLS

**नई दिल्ली।** हैवेल्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष (2024-25) की जून में समाप्त पहली तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 42 प्रतिशत के उछाल के साथ 407.51 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को बताया कि शुद्ध लाभ में यह बढ़त चिलचिलाती गर्मी के कारण उसके उपकरणों की बिक्री में मजबूत वृद्धि से हुई।

### विप्रो यूके ने विप्रो सर्विसेज यूके को पूरी हिस्सेदारी दी




**नई दिल्ली।** विप्रो होल्डिंग्स (यूके) ने विप्रो फाइनेंशियल आउटसोर्सिंग सर्विसेज लिमिटेड में अपनी पूरी शेयरधारिता विप्रो आईटी सर्विसेज यूके सोसाइटास को हस्तांतरित कर दी है। सरल बनाने के प्रयासों के तहत उठाया गया है।

# भविष ने पिचई को दी ऐसी टक्कर, गूगल को 70 फीसदी घटानी पड़ी कीमत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओला के सीईओ भविष अग्रवाल इन दिनों विदेशी टेक कंपनियों को लेकर हमलावर बने हुए हैं। उन्होंने इनकी तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी से तक कर दी थी।

- इंडियन डेवलपर्स से ओला मैप्स का फ्री इस्तेमाल करने कहा

साथ ही ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर ओला मैप्स का प्रयोग शुरू कर दिया था। सीईओ अग्रवाल ने इंडियन डेवलपर्स से अपील की थी कि वह ओला मैप्स का फ्री में इस्तेमाल कर सकते हैं। भविष अग्रवाल के इस हमले से गूगल के सीईओ सुंदर पिचई को बड़ा झटका लगा और कंपनी ने गूगल मैप्स सर्विस की कीमत में 70 फीसदी की बड़ी कटौती कर दी है। नई कीमत 1 अगस्त से लागू होगी।

## ओला ने गूगल मैप्स की सेवाओं का इस्तेमाल बंद कर दिया

### ओला मैप्स से गूगल मैप्स को दे रहे चुनौती

इससे पहले भविष अग्रवाल ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस स्टार्टअप कृत्रिम के जरिए मैपिंग और लोकेशन बेस्ड सर्विस ओला मैप्स एपीआई लांच की थी। साथ ही डेवलपर्स से आग्रह किया था कि वह एक साल तक इन सेवाओं का फ्री इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने दावा किया था कि कृत्रिम के जरिए इंडिया फर्स्ट को ध्यान में रखते हुए सेवाएं लांच की जाएंगी। इसके अलावा ओला कैब्स में भी अब ओला मैप्स का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। भविष अग्रवाल ने बताया था कि यह कदम उठाकर कंपनी को 100 करोड़ रुपए सालाना बचाने में मदद मिलेगी।



भविष अग्रवाल



सुंदर पिचई

### रुपए में पेमेंट होगा स्वीकार

साथ ही बताया कि वह भारतीय रुपए में भी पेमेंट स्वीकार करेगी। अभी तक आपको डॉलर में ही भुगतान करना पड़ता है। कंपनी ने कहा कि गूगल मैप्स प्लेटफॉर्म की सस्ती सर्विस की मदद से भारत के डेवलपर्स को लोकेशन बेस्ड सर्विस बनाने में आसानी होगी।

### गूगल 90 फीसदी तक देगी डिस्काउंट

इसके साथ ही गूगल ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स से पार्टनरशिप करने का ऐलान भी किया है। कंपनी ने बताया कि ओएनडीसी पर काम कर रहे डेवलपर्स को 90 फीसदी तक डिस्काउंट दिया जाएगा। कंपनी ने बेंगलुरु में एक कार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की।

***नए रेट का फायदा सिर्फ इंडियन कस्टमर को :*** *गूगल ने बताया कि नए रेट का फायदा सिर्फ इंडिया के कस्टमर को मिलेगा। कंपनी सख्ती से इसकी जांच करेगी कि सस्ती कीमतों का फायदा सिर्फ इंडिया के लोग ही उठा सकें। एक अगस्त ने इनकी बिलिंग भी रुपए में की जाने लगेगी। फिलहाल जो जियोकोडिंग एपीआई 5 डॉलर के रेट में मिल रही थी, वह अब 1. 50 डॉलर में ही मिल जाएगी।*

## विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कहा

# एमएसएमई के लिए मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा दोगुनी करे सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*देश में सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए आगामी बजट में मुद्रा योजना के तहत कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने के साथ कर प्रोत्साहन देने की जरूरत है। साथ ही लागत में कटौती और उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने आवश्यकता है।*

विशेषज्ञों ने बजट से पहले अपने सुझाव में कही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। बजट को लेकर उम्मीदों पर, फिनकैप के मुख्य कारोबार अधिकारी (खुदरा और एमएसएमई) नवीन सैनी ने कहा कि सरकार संभवतः एमएसएमई के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने, उनके विकास को बढ़ावा देने के अपने एजेंडा को जारी रखेगी।

### क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाने पर विचार

सैनी ने कहा, 'इसे हासिल करने के लिए, उन्हें प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत कर्ज सीमा को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने और एमएसएमई के लिए असुरक्षित माने जाने वाले ऋण के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को दो करोड़ रुपये से बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये करने पर विचार करना चाहिए।'

### एमएसएमई अर्थव्यवस्था की रीढ़

सैनी ने कहा, 'ये उपाय एमएसएमई को आवश्यक वित्तीय संसाधनों तक अधिक पहुंच प्रदान करेंगे, जिससे वे आगे बढ़ सकेंगे और अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगे।' भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट (बीवाईएसटी) की संस्थापक एवं प्रबंध ट्रस्टी लक्ष्मी वेंकटरमन वेंकटेशन ने कहा, एमएसएमई हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तक पहुंच आसान

सरकार को इस क्षेत्र के लिए सहायक नीतियां पेश करना महत्वपूर्ण है। इसमें विशेष रूप से महिलाओं के लिए पीएमईजीपी (प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम), सीजीटीएमएसई (क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज) और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से वित्त तक आसान पहुंच शामिल हो।




- कर्ज सीमा बढ़ाकर 20 लाख रुपए की जाए
- उद्यमों को कर प्रोत्साहन देने की जरूरत
- कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा देने की आवश्यकता

### एमएसएमई आईपीआर सृजित करने पर केंद्रित

सैटनैव टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित प्रसाद ने कहा कि जो एमएसएमई आईपीआर (बौद्धिक संपदा अधिकार) सृजित करने पर केंद्रित हैं।

### विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन जरूरी

वेंकटेशन ने कहा, 'इसके अलावा, उन विनिर्माण इकाइयों के लिए कर प्रोत्साहन की जरूरत है जिनका सालाना कारोबार एक करोड़ रुपये से कम है। साथ ही लागत में कटौती और अपने उत्पादों के बेहतर विपणन के लिए उत्पादक सहकारी समितियों के माध्यम से कच्चे माल तक आसान पहुंच की सुविधा भी दिये जाने की आवश्यकता है।'

### नए कारोबार को विकास का लक्ष्य देना होगा

प्रसाद ने कहा, 'आईपीआर आधारित संस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें नये कारोबार के विकास को लक्ष्य देना हमारे देश के लिए उल्लेखनीय कदम साबित हो सकता है...।'

# आईटी दिग्गज इंफोसिस का मुनाफा 7.1 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष (2024-25) की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 7.1 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को भी बढ़ा दिया है। इन्फोसिस ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसका एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में बढ़कर 6,368 करोड़ रुपये रहा है, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 5,945 करोड़ रुपये था। हालांकि, तिमाही आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 20 प्रतिशत घटा है। इससे पिछली मार्च तिमाही में कंपनी ने 7,969 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष के लिए कंपनी ने स्थिर मुद्रा में अपनी आमदनी में बढ़ोतरी के अनुमान को एक-तीन से बढ़ाकर तीन-चार प्रतिशत कर दिया है। कंपनी पूरे साल के दौरान वृद्धि के अनुसार 15,000-20,000 नए लोगों को नियुक्ति करेगी। इन्फोसिसस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सलिल पारेख ने कहा, हमने चालू वित्त वर्ष की शानदार शुरुआत की है।


## सूचना

मैं, विकास पुत्र श्री रामनिवास निवासी गांव धनाना, तहसील गोहाना, जिला सोनीपत (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरा आर्मी नंबर 14874017A है। मेरे बड़े पुत्र का नाम मेरे सर्विस रिकार्ड में दिवेन (Diven) दर्ज किया है और छोटे पुत्र का नाम वियान (Viyan) दर्ज किया गया है जबकि बच्चों के जन्म प्रमाण पत्रों, आधार कार्डों व अन्य कागजात में मेरे बड़े पुत्र का नाम दिवेन जाटायण (Diven Jatayan) और छोटे पुत्र का नाम वियान जाटायण (Viyan Jatayan) है। मेरे सर्विस रिकार्ड में दिवेन की जगह दिवेन जाटायण (Diven Jatayan) और वियान की जगह (Viyan Jatayan) दर्ज किया जाए और भविष्य में मेरे बड़े पुत्र को दिवेन जाटायण (Diven Jatayan) और छोटे पुत्र को वियान जाटायण (Viyan Jatayan) के नाम से जाना जाए।

## शुद्धिपत्र

### भारतीय वायु सेना/INDIAN AIR FORCE

#### अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग प्रोग्राम (एटीपी : 2024-25 का 5वां बैच)

1. आईएएफ के बीआरडीएस और ईडीएस के आधुनिकीकरण के लिए टर्नकी प्रोजैक्ट को प्रारम्भ करने के लिए ईओआई आमंत्रण सूचना हेतु सीबीसी की नं. 10802/11/0012/2425 दिनांक 04 जुलाई 24 के तहत 05 जुलाई 24 को प्रकाशित हमारे विज्ञापन के संदर्भ में।
2. संशोधन निम्नानुसार है :-

समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञा. "15 अक्तूबर 24 को प्रारम्भ होने वाले बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, ओझार कोर्स में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (टेक्नीकल ट्रेड्स) कराने के लिए अवसर का लाभ उठाने के लिए भारतीय नागरिक (पुरुषों एवं महिलाओं) को आमंत्रित करती है" के तहत पोर्टल WWW.APPRENTICESHIP.GOV.IN में ऑनलाइन आवेदन हेतु अन्तिम तिथि 31 जुलाई 24 तक बढ़ा दी गई है।

3. उपरोक्त विज्ञापन में दिए गए सभी अन्य विवरण अपरिवर्तित रहेंगे।

सीबीसी 10802/11/0013/2425

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

### NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY DELHI

(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान)
(An autonomous Institute under the aegis of Ministry of Education (Shiksha Mantralaya), Government of India)
प्लॉट नं. एफए7, जोन पी1, जीटी करनाल रोड, दिल्ली-110036, भारत
दूरभाष/Tele : +9111-33861000, 1001, 1005, फैक्स/Fax : +9111-27787503
वेबसाइट/Website : www.nitdelhi.ac.in

दिनांक : 18.07.2024

संदर्भ : विज्ञा. सं. : 08/2024
(दिनांक : 27.06.2024)

**प्रोफैसर, एसोसिएट प्रोफैसर, असिस्टेंट प्रोफैसर ग्रेड-I और असिस्टेंट प्रोफैसर ग्रेड-II (अनुबंध आधार पर) के स्तर पर फैकल्टी पदों की भर्ती (विस्तार सूचना)**

विभिन्न फैकल्टी पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने की अन्तिम तिथि 09.08.2024 (23:59:59 बजे) तक बढ़ा दी गई है। विधिवत भरे हुए और हस्ताक्षरित आवेदन प्रपत्र सहित सभी स्व-सत्यापित समर्थित दस्तावेजों की हार्ड कॉपी की प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि 16.08.2024 अप. 5.00 बजे तक है।

सभी प्रकार से उम्मीदवारों की पात्रता अर्थात योग्यताएं, अनुभव और आयु सीमा इत्यादि सुनिश्चित करने हेतु तिथि 09.08.2024 के तौर पर विचारणीय होगी।

सीबीसी 21275/12/0002/2425 रजिस्ट्रार (आई/सी)



## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

मेरा किया जो काटे उसे इनाम
सभी समस्याओं का समाधान
गुरू शान भारती
स्पेशलिस्ट : मनचाहा वशीकरण, नौकरी, कारोबार, गृहक्लेश, प्रेमविवाह, संतान प्राप्ति, शादी, तलाक, किया-कराया, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, मुकदमा, कैरियर, विदेश यात्रा आदि।
यदि आपका ज्योतिष, पंडित या तांत्रिक से विश्वास उठ गया हो तो एक बार अवश्य फोन करें।
9821413060

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# छोटी कटेली टीबी की रोकथाम में प्रभावशाली

हरिद्वार। तपेदिक यानि टीबी एक बैक्टीरिया से होती है जो मनुष्य के फेफड़ों पर असर डालती है। ज्ञातव्य है कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है जो संक्रमित व्यक्ति के खाँसने, छींकने और थूकने से फैलती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वर्ष 2022 में इस बीमारी से दुनिया में लगभग 1 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित थे। यह एक ठीक होने वाली बीमारी होने के बावजूद बहुत से लोग इसकी वजह से काल के गाल में समा जाते हैं। यह बीमारी दुनिया के लगभग सभी देशों में फैली हुई है और भारत में भी वर्ष 1962 से ही इसकी रोकथाम के लिए सरकारी योजना चल रही है जिसमें रोगियों के लिए निःशुल्क दवाईयाँ उपलब्ध हैं। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वर्तमान में टीबी के इलाज के लिए प्रयोग होने वाली दवाईयों में लिमिटेड बायो अवेलिबिलिटी होने के कारण बैक्टीरिया, प्रायः एक या एक से अधिक दवाओं के प्रति रेसिस्टेंट हो जाते हैं। इसके अलावा लंबे समय तक इन दवाओं के सेवन से हीपोटोटोक्सिटी की संभावना बनी रहती है। अतः नई टीबी दवाओं या सहायक उपचार की आवश्यकता है जो इलाज को और अधिक प्रभावी बना सके। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि योगपीठ के लिए यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि अब इस अनुसंधान को सूक्ष्म जीव विज्ञान के विश्व प्रसिद्ध जर्नल 'फ्रन्टियर्स इन माइक्रोबॉयलॉजी' में स्थान मिला है।



## यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रखा

**फ्रैंकफर्ट।** यूरोपीय केंद्रीय बैंक (ईसीबी) ने बृहस्पतिवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर यथावत रखा है। बैंक की अध्यक्ष क्रिस्टीन लेगार्ड और ब्याज दर निर्धारण समिति ब्याज दर को घटाने से पहले सुनिश्चित करना चाहते हैं कि महंगाई दर पूरी तरह नियंत्रण में हो। इस तरह ईसीबी की प्रमुख ब्याज दर 3.75 प्रतिशत पर कायम रहेगी। यूरोपीय केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, 'घरेलू महंगाई अभी ऊंचे स्तर पर है, कुल मुद्रास्फीति के अगले साल तक लक्ष्य से ऊपर रहने की संभावना है।' यूरोप में कम ब्याज दरों की उम्मीद कर रहे घर खरीदारों और कारोबारियों को सस्ते कर्ज के लिए कम से कम सितंबर में होने वाली बैंक की बैठक तक और संभवतः उससे भी ज्यादा इंतजार करना होगा। फिलहाल ईसीबी का रुख अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रुख से मिलता-जुलता है, जिसके 30-31 जुलाई को होने वाली अपनी अगली बैठक में ब्याज दरों में कटौती करने से बचने की संभावना है।

## राशिफल

**मेष** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन** — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु** — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर** — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन** — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

# बीएमडब्ल्यू का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर जल्द होगा लांच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जर्मन ऑटो कंपनी बीएमडब्ल्यू मोटराड इंडियन मार्केट में अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने वाली है। ये कंपनी का पहला प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, जिसमें कई सारे फीचर्स मिल सकते हैं। बता दें कि ये इलेक्ट्रिक स्कूटर पहले से ही ग्लोबल मार्केट में मौजूद है और विदेश में इसकी कीमत 11795 डॉलर है।

ऐसा माना जा रहा है कि इंडिया में इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 10 लाख के आसपास हो सकती है। मतलब जितनी कीमत का ये इलेक्ट्रिक स्कूटर होगा, उतनी कीमत में एक एंट्री लेवल एसयूवी बड़े आराम से आ जाएगी। कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है और इसकी आधिकारिक लांच डेट 24 जुलाई है।कंपनी ने इस प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की प्री लांच बुकिंग शुरू कर दी है। इस स्कूटर की बुकिंग आप बीएमडब्ल्यू के किसी भी डीलरशिप पर जाकर कर सकते हैं। लांच के दौरान इस स्कूटर की कीमत से पर्दा उठेगा। लेकिन जितना महंगा ये इलेक्ट्रिक स्कूटर है, ये बात तय है कि भारत में इसका डायरेक्ट कंपिटिशन कोई नहीं होगा। स्कूटर में लिक्विड कूल्ड पीएमएस मोटर मिलेगा, जो 41 बीएचपी की पावर और 60 न्यूटन मीटर का टॉर्क जनरेट करता है। स्कूटर की टॉप स्पीड 120 केएमपीएच है और ये स्कूटर मात्र 2.6 सेकंड में 0-50 केएमपीएच की स्पीड पकड़ लेता है। इसमें तीन राइडिंग मोड्स मिलेंगे।



### ये होंगे फीचर्स

*डिजाइन की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर काफी प्रीमियम होने वाला है। इसकी लंबाई 2 मीटर से भी ज्यादा होगी। डायमेंशन्स की बात करें तो ये इलेक्ट्रिक स्कूटर 2285 एमएम लंबा, 855 एमएम चौड़ा और 1150 एमएम ऊंचा होगा। इसकी सीट हाइट 780 एमएम है। स्कूटर में 15 इंच के व्हील्स मिलेंगे। फ्रंट में टेलिस्कोपिक फॉर्क और दोनों पहियों में डिस्क ब्रेक मिलेगा।*

**प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटर की कीमत 10 लाख के आसपास हो सकती**


## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत वार्ड नं. 14 में फिरोज गांधी कॉलोनी-II में गुरु रविदास भवन के लिए बकाया कार्य हेतु आकलन। | 15.07.2024 22.07.2024 | 20.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9914544004 ee6@mcg.gov.in |
| 2 | नगर निगम गुरुग्राम | एमसीजी के तहत डिवीजन-VI के तहत वार्ड नं. 12 में बसई जल निकाय के निकट स्थाई छठ पूजा घाट का निर्माण + 1 कार्य। | 11.07.2024 22.07.2024 | 1.64 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9914544004 ee6@mcg.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/27941/I/88/6 दि. 18.07.24


## शब्द पहेली - 5576




**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

### शब्द पहेली- 5575 का हल





# महिला एशिया कप : भारत का चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला आज, 8वीं बार चैंपियन बनने की होगी कोशिश

## टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से जीते हैं 17

## मैच 10 दिन में होंगे 15 मैच 28 को फाइनल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला एशिया कप 2024 का 9वां संस्करण 19 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय महिला टीम श्रीलंका के दांबुला पहुंच चुकी है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत हरमनप्रीत कौर की अगुआई में 8वीं बार महिला एशिया कप खिताब पर कब्जा जमाने उतरेगी। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा, जिसमें भारत 19 जुलाई, शुक्रवार को अपने पहले मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगा। टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और इसमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ-साथ नेपाल, मलेशिया, थाईलैंड और यूएई सहित पूर्ण सदस्य देश शामिल हैं। सात बार की चैंपियन भारत को पाकिस्तान, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप-ए में रखा गया है। महिला एशिया कप 2022 में उपविजेता रही श्रीलंका को मेजबानी का अधिकार मिला है।




### 28 जुलाई को फाइनल

प्रतियोगिता के शुरुआती मैच में नेपाल का मुकाबला यूएई से होगा और भारत-पाकिस्तान का मैच भी उसी दिन दांबुला में होगा है। ग्रुप-ए और ग्रुप-बी से शीर्ष दो टीमें टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 26 जुलाई को होगा। उसके बाद 28 जुलाई को फाइनल खेला जाएगा।

### भारत 7 बार का चैंपियन

गत चैंपियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी। अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था।

### एशिया कप के ग्रुप

ग्रुप 1- भारत, नेपाल, पाकिस्तान, यूएई
ग्रुप 2- श्रीलंका, बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड

### भारत का मुकाबला

| दिनांक | खिलाफ | समय |
|---|---|---|
| 19 जुलाई | पाकिस्तान | शाम 7 बजे |
| 21 जुलाई | यूएई | दोपहर 2 बजे |
| 23 जुलाई | नेपाल | शाम 7 बजे |

### पाक के खिलाफ 14 में 11 जीत

पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढाने का होगा। इस महीने की शुरुआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया।

### फार्म में भारतीय खिलाड़ी

भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में आठ विकेट लिए जबकि स्पिनर राधा यादव भी कामयाब रही है। स्पिनरों में दीप्ति शर्मा, सजीवन साजना और श्रेयांका पाटिल शामिल है।

### पाकिस्तान टीम में चार अनुभवहीन खिलाड़ी

*पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3-0 से हराया था। पाकिस्तान ने एशिया कप के लिए निदा डार को कप्तान बनाए रखा है लेकिन टीम में काफी बदलाव किए गए हैं। ईरम जावेद, ओमैमा सोहेल और सैयदा आरूब शाह को इस साल पहली बार टीम में जगह मिली है जबकि तस्मिया रुबाब पदार्पण करेंगी। ग्रुप ए में नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का भी सामना पहले दिन होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। नेपाल 2016 के बाद पहली बार टूर्नामेंट में खेल रहा है जबकि यूएई का यह लगातार दूसरा टूर्नामेंट है।*

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, पूजा वस्त्राकर, दीप्ति शर्मा, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह, डी हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, संजीवन साजना।

**पाकिस्तान :** निदा डार (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, फातिमा सना, गुल फिरोजा, ईरम जावेद, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी, नाशरा संधू, ओमैमा सोहेल, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन, सैयदा अरूब शाह, तस्मिया रूबाब, तूबा हसन।

## खबर संक्षेप



### चोटरानी, अंजलि को मिली शीर्ष वरीयता

**मुंबई।** वीर चोटरानी और अंजलि सेमवाल को 20 जुलाई से यहां शुरू होने वाले बॉम्बे जिमखाना 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट में क्रमशः पुरुष और महिला ड्रॉ में शीर्ष वरीयता मिली है। राहुल बैठा को दूसरी वरीयता दी गई है जबकि महेश मनगांवकर और ओम सेमवाल पुरुष वर्ग में संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त हैं। महिला वर्ग में सुनीता पटेल को दूसरी वरीयता प्राप्त है और आराध्या पोरवाल तथा रानी गुप्ता को संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता मिली है।

### तैराक नटराज ने ब्रेक के बाद की वापसी

**नई दिल्ली।** पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक



श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने कहा, 'मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैने कुछ समय का ब्रेक ले लिया।'

### उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी सील

**पेरिस।** सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई।




इसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर 'क्यूआर कोड' शब्द थे। यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए।

# सूर्यकुमार को मिली टी20 की कप्तानी रोहित और कोहली खेलेंगे वनडे श्रृंखला

## श्रीलंका दौरे के लिए बीसीसीआई ने की टीम की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए गुरुवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया गया। एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली को अगले महीने इसी टीम के खिलाफ 50 ओवर की श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया गया। शुभमन गिल को दोनों प्रारूपों की टीम का उप कप्तान बनाया गया है।विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा एकदिवसीय टीम में दो नए चेहरे हैं।



**टी20 टीमः** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज।

**वनडे टीमः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

### देवी के 6 गोल से मणिपुर ने असम को 12-0 से रौंदा

**कोलकाता।** देवी मुतुम प्रिया की छह गोल की मदद से मणिपुर हॉकी ने गुरुवार को यहां द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप के महिला वर्ग के मैच में असम हॉकी के खिलाफ 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। देवी ने मैच के दूसरे, चौथे, सातवें, 26वें, 36वें और



59वें मिनट में गोल दागे। मैच में रीना कोइजम (20वें), तनु शोरेन्सांगबाम (32, 57वें), चानू लीशांगथेम नताली (42, 58वें) और देवी लैशराम रितु (51वें) ने भी विजयी टीम के लिए गोल किए। हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 10-0 से हराया। झारखंड की टीम के लिए मुंडु सुकरमणि ने तीन जबकि रोशनी अइंद, कुमारी शांति और कप्तान रजनी करकेट्टा ने दो-दो गोल किए। सलोमी नाग ने एक गोल किया। एक अन्य मैच में हॉकी बंगाल ने ओडिशा हॉकी संघ को 3-0 से मात दी।

## फुटबॉल

# भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर, शीर्ष पर अर्जेंटीना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया।

जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी। लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है। फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है। हाल में यूरोपीय चैंपियन बनी स्पेन पांच पायदान के फायदे से तीसरी रैंकिंग पर पहुंची। वहीं उससे हारने वाली इंग्लैंड एक पायदान ऊपर चौथे स्थान पर पहुंच गई और उसने ब्राजील को पछाड़ दिया जो एक पायदान खिसककर पांचवें स्थान पर पहुंची। बेल्जियम रैंकिंग में छठे, नीदरलैंड सातवें, पुर्तगाल आठवें और कोलंबिया नौंवे स्थान पर काबिज हैं।

### ओडिशा का सामना जोर्डन और सिंगापुर के क्लब से होगा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्लब ओडिशा एफसी को 2024 -25 एएफसी महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल में जोर्डन के एतिहाद क्लब और सिंगापुर के लायन




सिटी सेलर्स एफसी के साथ प्रारंभिक चरण में ग्रुप बी में रखा गया है। टूर्नामेंट का ड्रॉ मलेशिया के कुआलालंपुर में गुरुवार को निकाला गया। इंडियन वुमैंस लीग चैंपियन ओडिशा एफसी प्रारंभिक चरण के लिए जोर्डन जाएगी जहां 25 से 31 अगस्त तक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रारंभिक दौर में 13 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार टीमों के एक और तीन तीन टीमों के तीन समूहों में बांटा गया है। चारों ग्रुप विजेता 12 टीमों के ग्रुप चरण में खेलेंगे जिसमें आठ अन्य क्लब सीधे क्वालीफाई करेंगे। ग्रुप चरण के मुकाबले छह से 12 अक्टूबर तक खेले जाएंगे।

## पेरिस ओलिंपिक

# नदी में कार्यक्रम, नाव पर परेड ओपनिंग सेरेमनी होगी खास



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलिंपिक इतिहास में पहली बार ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन स्टेडियम में नहीं होगा। 26 जुलाई को ओलिंपिक का उद्घाटन समारोह पेरिस की सीन नदी में आयोजित होगा। पेरिस ओलिंपिक में 206 देशों के 10672 एथलीट उतरेंगे।

इनके बीच 32 खेलों के 329 इवेंट में मुकाबला होगा। ओपनिंग सेरेमनी के दौरान होने वाली एथलीटों की परेड नाव में होगी। खिलाड़ी नाव में सवार होकर निकलेंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो 80 से 100 बोट इवेंट में उतारे जाएंगे। नाव एथलीटों को लेकर पोंट डी'ऑस्टरलिट्ज पुल से निकलेगी। इस इवेंट का आयोजन शाम के समय किया जाएगा। सीन नदी के ऊपर नाव छह किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान 18 पुल को पार करेंगे। परेड का अंत पोंट डी'लेना पर रहोगा।

यह एफिल टॉवर से कुछ ही दूरी पर है। इस ऐतिहासिक ओपनिंग सेरेमनी को देखने के लिए नदी के दोनों तरफ बेंच लगाए जाएंगे। फैंस वहीं बैठकर इवेंट का मजा उठा सकते हैं। करीब 6 लाख फैंस के आने की उम्मीद है।

### कहां देखें ओपनिंग सेरेमनी

*पेरिस ओलिंपिक की ओपनिंग सेरेमनी भारतीय समय अनुसार रात 11 बजे से शुरू होगी। भारत में जियो सिनेमा और स्पोर्ट्स18 नेटवर्क पेरिस ओलिंपिक को लाइव देख सकते हैं। पहली बार ओलिंपिक कवरेज में भारत के मुकाबलों को दिखने के लिए इंडिया फीड शामिल किया गया है।*

### चैंपियंस पार्क में समापन

*ओपनिंग सेरेमनी के दौरान होने वाले आधिकारिक प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए यह अस्थायी स्टेडियम तैयार किया गया है। 13 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम एफिल टावर के पास ही बनाया गया है। इसका नाम चैंपियंस पार्क है। यहीं ओपनिंग सेरेमनी का समापन होगा और आधिकारिक ओलिंपिक प्रोटोकॉल की मेजबानी करेगा। इसमें फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन की उद्घाटन घोषणा भी शामिल है।*

# बैजबॉल रिटर्न : इंग्लैंड ने टेस्ट में 4.2 ओवर में बनाया सबसे तेज अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया।

सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (नाबाद 33 रन) और ओली पोप (नाबाद 16 रन) ने मिलकर 10 चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने 1994 में द ओवल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर में अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची में



पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। इंग्लैंड ने 2002 में श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में भी पांच ओवर में तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था। श्रीलंका इस सूची में चौथे स्थान पर है जिसने 2004 में कराची में पाकिस्तान के खिलाफ 5.2 ओवर में अर्धशतक पूरा किया था। भारत दो बार 5.3 ओवर में अर्धशतक पूरा करके इस सूची में पांचवें स्थान पर है। टीम इंडिया ने 2008 में चेन्नई में इंग्लैंड और 2023 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

## आईपीएल और टी-20 विश्व कप टीम में नहीं बना सके थे जगह

# चोट से उबरे शमी, नेट्स पर शुरू की गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट से पूरी तरह उबर गए हैं और उन्होंने नेट्स पर गेंदबाजी भी शुरू कर दी है जिससे इस बात की उम्मीद बढ़ गई है कि वह जल्द ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे।

शमी को पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद चोट लगी थी और वह तभी से टीम से बाहर चल रहे हैं। शमी को सर्जरी करानी पड़ी थी और वह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की निगरानी में हैं। शमी को चोट के कारण आईपीएल 2024 से भी बाहर रहना पड़ा था और वह टी20 विश्व कप टीम में भी जगह नहीं बना सके थे। लंबे समय से क्रिकेट से दूर रहने के बावजूद शमी अब वापसी की तैयारियों में जुट गए हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमे वह नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए दिख रहे हैं। वह चोट से उबर गए हैं, लेकिन पूरी क्षमता के साथ गेंदबाजी शुरू नहीं कर पाए हैं। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने को लेकर शमी फॉर्म में वापसी करने के लिए मेहनत कर रहे हैं और उन्हें राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मंजूरी लेनी होगी। शमी पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप के दौरान शानदार फॉर्म में चल रहे थे। उन्होंने सात मैचों में कुल 24 विकेट लिए थे और भारत के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई थी। हालांकि, इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वह चोटिल हो गए और समय से उबर नहीं सके। इस कारण शमी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज से हटना पड़ा था।



### बांग्लादेश के खिलाफ कर सकते हैं वापसी

शमी बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर सकते हैं। भारत को सितंबर-अक्टूबर में दो टेस्ट और तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करनी है। भारत को इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी है और शमी का इस सीरीज के लिए चुना जाना मुश्किल माना जा रहा है।

## चिंतन

# संवैधानिक दायरे में ही सरकार आरक्षण लाए

आरक्षण भारतीय राजनीति की नियति बन गई है। सरकार अपनी विफलता छिपाने के लिए आरक्षण को ढाल की तरह इस्तेमाल करती है, चाहे संविधान की धज्जियां ही क्यों न उड़ रही हों। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार का निजी नौकरियों में आरक्षण संबंधी फैसला व बाद में इसे रोक कर आगे टालने का निर्णय करना चौंकाने वाला है। कर्नाटक में निजी क्षेत्र की कंपनियों में स्थानीय निवासियों के लिए 50 फीसदी, 75 फीसदी व 100 फीसदी आरक्षण के प्रावधान वाले विधेयक लाने के कांग्रेस सरकार की तैयारी ने सोचने पर मजबूर किया है कि क्या सरकार संवैधानिक दायरे में काम कर रही है? भारत एक सॉफ्टवेयर पावर है तो इसमें योग्य व स्किल्ड कर्मियों का अहम योगदान है। सॉफ्टवेयर क्षेत्र की बेस्ट प्रतिभा को अवसर देने की नीतियों के चलते ही भारत सॉफ्टवेयर का सुपर पावर बना। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु भारत की सिलिकॉन वैली है। जैसा कि सीएम सिद्धरमैया की सरकार ने कहा है कि स्थानीय कन्नड़ लोगों के लिए निजी कंपनियों में अनिवार्य आरक्षण संबंधी विधेयक आने वाले वक्त में कर्नाटक सरकार लेकर आएगी, तो इसका सबसे अधिक प्रभाव बेंगलुरु स्थित सॉफ्टवेयर व बायोटेक कंपनियों पर पड़ेगा। प्रस्तावित बिल का विरोध करने वालों में उनकी सरकार के मंत्री भी है, उद्यमी भी है और नास्कॉम भी है। उद्यमियों ने चेताया है कि तकनीक के क्षेत्र में जो ऊंचा स्थान भारतीय इंडस्ट्री ने पाया है, उस पर इस तरह के बिल का असर नहीं पड़ना चाहिए। नैस्कॉम ने कहा है, तकनीक क्षेत्र जीडीपी में 25 फ़ीसदी की हिस्सेदारी रखता है, ऐसे बिल से इंडस्ट्री की ग्रोथ पर असर होगा। वर्ष 2020 में ऐसा ही एक कानून हरियाणा सरकार भी लाई थी लेकिन उसे पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने ख़ारिज कर दिया था, क्योंकि ये संविधान की धारा 19 का उल्लंघन था। आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, झारखंड में भी सीमा से बाहर जाकर आरक्षण देने की कोशिश नाकाम हो चुकी है। कानूनन सभी भारतीयों का डोमिसाइल एक ही है। यह संविधान के अनुच्छेद 5 में परिभाषित है। इसका उल्लंघन देश की अखंडता को खतरे में डालेगा। संविधान का अनुच्छेद 14 समानता की गारंटी देता है। अनुच्छेद 15 व 16 जन्म स्थान या निवास स्थान के आधार पर भेदभाव पर रोक लगाता है। 1992 में इंदिरा साहनी मामले में फैसला देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया था कि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से ज्यादा नहीं होगी। आरक्षण की यही सीमा मूल निवासी आरक्षण में भी होनी चाहिए। 1984 में प्रदीप जैन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा था कि मूल निवासी उम्मीदवारों को कुछ प्राथमिकता दी जा सकती है, लेकिन ये पूरी तरह नहीं हो सकती और इससे गैर-निवासियों को बाहर नहीं रखा जा सकता। 1995 में सुनंदा रेड्डी बनाम आंध्र सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पीजी मेडिकल कोर्सेस में मूल निवासियों को 100 फीसदी आरक्षण को रद कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि आरक्षण के कारण योग्यता और दक्षता से समझौता नहीं होना चाहिए। इसी तरह 2002 में कैलाश चंद शर्मा बनाम राजस्थान सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में मूल निवासियों को कुछ खास फायदे देने वाले राजस्थान सरकार के फैसले को अमान्य करार दिया था। तब सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करना संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन है। कर्नाटक को भी आरक्षण पर फैसला संवैधानिक दायरे में ही करना चाहिए।



उम्मीद
योगेश कुमार गोयल

# पेरिस ओलंपिक में चमकेगा भारत

**पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज 26 जुलाई को होगा। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही प्रतिस्पर्धा की थी। यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।**

छब्बीस जुलाई को पेरिस में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ ओलंपिक खेलों का शानदार आगाज होने जा रहा है, जो 11 अगस्त तक चलेगा। 33वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की ओपनिंग सेरेमनी इस बार काफी विशेष होने वाली है, जो ओलंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार किसी नदी पर होगी। दरअसल ओलंपिक खेलों की ओपनिंग सेरेमनी इससे पहले हमेशा किसी विशाल मैदान अथवा स्टेडियम में ही होती रही है लेकिन पहली बार यह भव्य आयोजन पेरिस की सीन नदी पर होगा। पेरिस की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर खेलों के इस महा-उत्सव को और ज्यादा यादगार बनाएगी। 2024 के ओलंपिक खेलों को खास बनाने के लिए पेरिस ने पिछले एक दशक में अनेक विशेष तैयारियां की हैं। फ्रांस की स्पिरिट को दर्शाता पेरिस ओलंपिक का पदक भी बेहद खास तरीके से डिजाइन किया गया है, प्रत्येक पदक में एफिल टावर का असली लोहा लगाया गया है। स्वर्ण पदक का वजन 529 ग्राम, रजत पदक का 525 ग्राम और कांस्य पदक का वजन 455 ग्राम है।

2024 के ओलंपिक खेलों की खास बात यह है कि पेरिस ओलंपिक में इस बार कराटे, बेसबॉल और सॉफ्टबॉल जैसे कुछ खेल ओलंपिक का हिस्सा नहीं होंगे, जो टोक्यो ओलंपिक का हिस्सा थे। इन खेलों को इस बार ओलंपिक से हटा दिया गया है जबकि चार नए खेलों को ओलंपिक में जोड़ा गया है। ब्रेकडांसिंग का ओलंपिक में डेब्यू होगा, वहीं स्केटबोर्डिंग, सर्फिंग और स्पोर्ट्स क्लाइंबिंग भी ओलंपिक में शामिल हुए हैं। हालांकि पेरिस ओलंपिक में जो चार नए खेल शामिल हुए हैं, उनमें किसी भी भारतीय एथलीट ने क्वालीफाई नहीं किया है। 2024 के ओलंपिक खेलों में कुल 32 खेलों के अंतर्गत 329 इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे। ओलंपिक खेलों की खास बात यह भी है कि इन खेलों में महिलाओं की भागीदारी भी अब लगातार बढ़ रही है। ओलंपिक खेलों में पहली बार महिलाओं की भागीदारी 1900 में पेरिस ओलंपिक में देखी गई थी, जब ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले कुल 997 एथलीटों में से केवल 22 महिलाओं ने ही पांच खेलों (टेनिस, नौकायन, क्रोकेट, घुड़सवारी और गोल्फ) में प्रतिस्पर्धा की थी। उसके बाद 2012 में लंदन में आयोजित हुए ओलंपिक खेल पहली बार इस मायने में ऐतिहासिक रहे थे, जब महिलाओं ने ओलंपिक में आयोजित प्रत्येक खेल स्पर्धा में भाग लिया था। ओलंपिक खेलों के इतिहास में वह पहला ऐसा मौका था, जब महिलाओं ने किसी भी ओलंपिक के हर खेल में हिस्सा लिया हो। उसके बाद 2016 के रियो ओलंपिक में तो कुल प्रतिभागियों में से करीब 45 प्रतिशत महिला प्रतिभागी थी। 2020 के टोक्यो ओलंपिक में तो महिलाओं की भागीदारी सर्वाधिक रही। उस ओलंपिक खेल में सभी प्रतिभागियों में करीब 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल थी। जहां तक पेरिस ओलंपिक में भारत की बात है तो भारत 26वीं बार ओलंपिक में हिस्सा लेगा। पेरिस ओलंपिक में पिछली बार की तुलना में खिलाड़ियों की संख्या कम हुई है। टोक्यो में हुए ओलंपिक में भारत के 124 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जबकि इस बार




भारत के 118 खिलाड़ी ओलंपिक में हिस्सा लेंगे और पूरी उम्मीद है कि इस बार भारत ओलंपिक में पिछली बार के मुकाबले और ज्यादा पदक हासिल करने में सफल होगा। केंद्रीय युवा कार्यक्रम, खेल, श्रम और रोजगार मंत्री डा. मनसुख मांडविया के मुताबिक पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में भारत के 48 महिला एथलीटों सहित कुल 118 एथलीट भाग ले रहे हैं और इन 118 एथलीटों में से 26 खेलो इंडिया के एथलीट हैं और कुल 72 एथलीट पहली बार ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई हुए हैं।

ओलंपिक के इतिहास में भारत अब तक कुल 35 पदक जीत चुका है, जिनमें 10 स्वर्ण, 9 रजत और 16 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने पहली बार 1900 में हुए ओलंपिक में हिस्सा लिया था और टोक्यो ओलंपिक में ही कुल 7 पदक जीते थे। ओलंपिक खेलों के इतिहास में टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन सबसे बेहतरीन रहा था। तब 121 वर्षों के ओलंपिक इतिहास में जहां भारत को एथलेटिक्स में पहली बार स्वर्ण पदक हासिल हुआ था, वहीं टोक्यो ओलंपिक में भारत ने उस समय तक के सर्वाधिक पदक जीते थे। टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम भले ही पदक जीतने में सफल नहीं हो सकी थी, लेकिन उसने भी जिस जोश और जज्बे के साथ सारे मैच खेले थे, वह भी बेहतरीन था। टोक्यो ओलंपिक इस मायने में भी बेहद खास रहा था कि ओलंपिक की शुरूआत भी भारत ने पहले ही दिन पदक जीतकर की थी और खेलों के आखिरी दिन भी दो पदक जीते थे। आखिरी दिन तो भारत के लिए ऐतिहासिक रहा था, क्योंकि उस दिन भारत ने दो अलग-अलग स्पर्धाओं में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रचा था। भारत का ओलंपिक में सबसे ज्यादा छह पदक जीतने का रिकॉर्ड 2012 के रियो ओलंपिक का था, जबकि टोक्यो ओलंपिक में पिछली बार भारत एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक जीतने में सफल हुआ था। जैवलिन थ्रो में जब नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता था तो समूचे भारत ने एक स्वर में वन्देमातरम का जयघोष किया था। दरअसल ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए भारत में खेलों की दशा और दिशा सुधरने की उम्मीदें बलवती हुई और इस बार भी ओलंपिक में नीरज चोपड़ा सहित कई भारतीय खिलाड़ियों से स्वर्णिम प्रदर्शन की उम्मीदें हैं। उम्मीद है कि भारतीय एथलीट दुनिया के सबसे बड़े खेल मंच के पोडियम पर पहुंचने के लिए अपना पूरा दमखम दिखाएंगे और भारत की झोली पदकों से भर देंगे।

भारत को नीरज चोपड़ा के अलावा अपने 21 सदस्यीय निशानेबाजी दल, पुरुष हॉकी टीम, सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स बैडमिंटन जोड़ी, दो बार की मुक्केबाजी विश्व चैंपियन निकहत जरीन, बॉक्सिंग में लवलीना बोरगोहेन, कुश्ती में विनेश फोगाट, बैडमिंटन में 2016 के रियो ओलंपिक में रजत और 2020 के टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीत चुकी पीवी सिंधु, भारोत्तोलन में मीराबाई चानू, शूटिंग में सिफ्त कौर समरा, गोल्फ में अदिति अशोक से पदक जीतने की प्रबल उम्मीदें हैं। यदि भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने में सफल हो जाते हैं तो वे ओलंपिक में लगातार दो बार स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन जाएंगे। इसी प्रकार यदि पीवी सिंधु भी पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने में सफल हो जाती हैं तो वह भारत की सबसे सफल एथलीट बन जाएंगी। कुल 8 बार स्वर्ण पदक और 1960 में रजत पदक जीत चुकी भारतीय हॉकी से भी भारत को पेरिस ओलंपिक में बहुत उम्मीदें हैं। बहरहाल, अपनी असाधारण प्रतिभा और करोड़ों भारतीयों की दुआओं के साथ ओलंपिक में हिस्सा लेने पेरिस जा रहे भारतीय एथलीटों से पूरे देश को बड़ी उम्मीदें हैं। आशा की जा सकती है कि पेरिस ओलंपिक में भारत और ज्यादा तेजी के साथ चमकेगा और पूरी दुनिया में भारत का सिर गर्व से ऊंचा होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दरकार
अरविंद जयतिलक



# सामाजिक सुरक्षा का विस्तार हो

भारत एक लोकतांत्रिक देश है। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपने नागरिकों को बेहतर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराए। निःसंदेह सरकार द्वारा अपने नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की ढेरों योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन बढ़ती जनसंख्या के कारण इसे विस्तार देने की जरूरत है। सामाजिक सुरक्षा का अभिप्राय ऐसी सभी सेवाओं, साधनों और सुविधाओं से है जो नागरिकों को दी जाती है जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर होता है। सामाजिक सुरक्षा श्रम कल्याण का एक मुख्य संघटक है और उसे निरंतर विकास प्रक्रिया के एक अंग के रूप में देखा जाता है। सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैये के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन्न करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन्न जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है, इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबद्ध किया गया। राज्य के नीति निर्देशक तत्वों के तहत अनुच्छेद 41 में कार्य के अधिकार शिक्षा और कुछ मामलों में सार्वजनिक सहायता की व्यवस्था की गयी है। अनुच्छेद 42 में कार्य की उचित और मानवीय परिस्थिति और मातृत्व राहत की व्यवस्था की गयी है। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है। भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कामगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। 11 से 18 वर्ष तक की उम्र की लड़कियों के पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी विकास के लिए सरकार ने किशोरी शक्ति विकास योजना को हर जगह लागू कर दिया है। एक अरसे से श्रम आंदोलन के तहत सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रीय रोजगार गारंटी कार्यक्रम लागू करने की मांग की जाती रही जिसे सरकार ने 2005 के मध्य में लागू कर दिया। हालांकि इस योजना में काफी भ्रष्टाचार की बात उठती है फिर भी यह योजना प्रभावकारी साबित हुई है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है। राज्यों के अंतरगत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। इन परिवारों को गेहूं और चावल दिया जाता है। सामाजिक सुरक्षा के तहत सरकार ने राष्ट्रीय आवास नीति 1992 संसद में प्रस्तुत की। अगस्त 1994 में संसद ने इसका अनुमोदन कर दिया। राष्ट्रीय आवास नीति का प्रमुख लक्ष्य आवासहीन व्यक्तियों और आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराना है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है। बेहतर होगा कि सरकार सामाजिक सुरक्षा का दायरा का विस्तार करे जिससे सर्वाधिक नागरिकों का कल्याण हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मृत्युंजय मंत्र यानी मृत्यु पर विजय का मंत्र



संकलित
**दर्शन**

शिव का मृत्युंजय मंत्र वैदिक परंपरा में सबसे प्रतिष्ठित मंत्रों में से एक है। मृत्युंजय का अर्थ है मृत्यु पर विजय। आत्मा की कोई मृत्यु नहीं है। यह एक शरीर से दूसरे शरीर में जाती है। मृत्युंजय का अर्थ है क्षणभंगुर पर मन की विजय और शाश्वत की ओर बढ़ना। जब मन को यह एहसास होता है कि मैं शाश्वत हूं। मुझमें कुछ ऐसा है जो बदल नहीं रहा है। फिर कोई भय नहीं रहता। भय मृत्यु के लक्षणों में से एक है। जब आप भय पर विजय प्राप्त करेंगे, तब नाशवान के साथ पहचान की लघु मानसिकता पर विजय प्राप्त कर लेंगे और अविनाशी की ओर बढ़ेंगे। हम इन दोनों का मिश्रण हैं। हमारी आत्मा अविनाशी है और शरीर नाशवान है। अक्सर हमारा मन नाशवान से जुड़ा होता है और उसे लगता है कि वह मर रहा है। मृत्युंजय मंत्र हमारे मन को सीमित पहचान से असीमित पहचान की ओर ले जाता है। इसमें एक प्रार्थना है- शिव मुझे सबल बनाएं। उन्हें मुझे दृढ़ बनाने दो, वह मुझे बंधन से मुक्ति दिलाएं। आमतौर पर लोग पूछते हैं कि जीवन का उद्देश्य क्या है? सृजन का उद्देश्य क्या है? यह ब्रह्मांड किसी स्थान पर जाने की यात्रा नहीं है। सृष्टि का कोई उद्देश्य नहीं है। यह मात्र चेतना का एक खेल और प्रदर्शन है। जैसे नर्तक और नृत्य अलग नहीं हो सकते, वैसे ही सृष्टि और रचयिता दो अलग वस्तुएं नहीं हैं। इस सत्य को नटराज (शिव के रूपों में से एक) के रूप में दर्शाया गया था। नटराज स्वयं चेतना हैं, उनमें पांच तत्वों को दर्शाया गया है। चेतना का नृत्य संपूर्ण ब्रह्मांड है।

## बहुत सारे काम के बदले एक काम को बेहतर करें



संकलित
**प्रेरणा**

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अमरीका में नेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी

हाल ही में अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ है। इसमें वो बाल बाल बच गए। सारी दुनिया ने इस हमले की घोर निंदा की है। इस हमले की वजह क्या रही, इसकी सच्चाई जांच से ही पता चलेगा, लेकिन ट्रंप पर हुए हमले ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सुरक्षा की पोल खोल दी। वहां की खुफिया एजेंसियों की नाकामी भी सामने आ गई है। अमरीका को इस हमले से सबक लेना चाहिए कि उसके यहां सुरक्षा व्यवस्था लचर है। इनसान को अपनी धन, दौलत, कुर्सी या सत्ता का अहंकार कभी नहीं करना चाहिए और न ही अहंकारवश दूसरों को नासमझ और खुद को समझदार समझना चाहिए। यह घटना अमरीका में राजनेताओं के प्रति बढ़ती नाराजगी का प्रमाण है। – *सुयश देशकर, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### विरासत का सम्मान करें



नेल्सन मंडेला की करुणा और शांति के प्रति प्रतिबद्धता हमेशा एक गहरी व्यक्तिगत प्रेरणा रही है। मंडेला दिवस, आइए उनकी विरासत का सम्मान करें और सभी के लिए एक बेहतर दुनिया बनाने की दिशा में अपना हाथ बढ़ाएं।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### ऐसी विचारधारा को दूर रखना



कांवड़ यात्रा के रूट पर फल-सब्जी विक्रेताओं व रेस्टोरेंट मालिकों को बोर्ड पर अपना नाम लिखना होगा। ये तय करने वाले कि कौन क्या खाएगा, अब ये भी तय करेंगे कि कौन किससे खरीदेगा? हमें ऐसी विचारधारा को खुद से दूर रखना होगा।

-पवन खेड़ा, कांग्रेस नेता

### इंजन को बदलेगी जनता



हरियाणा के लोगों को आम आदमी पार्टी से उम्मीद है। हमने दिल्ली और पंजाब में काम करके दिखाया है। दिल्ली के काम की चर्चा पूरी दुनिया में होती है। हरियाणा के हाल को बदलने के लिए इस बार जनता आम आदमी पार्टी को मौका देगी और खट्टर-सैनी के इंजन को बदलेगी।

-संजय सिंह, आप नेता

### अफसोस मत करो



मेरे गुरु मुझसे कहते हैं, "यदि आप 38 वर्ष के हैं तो दोबारा 18 वर्ष का न होने का अफसोस मत करो। इसके बजाय, कल्पना करें कि आप 90 साल के हैं और 38 साल की उम्र में जागकर अगले 50 साल जीने के लिए उत्साहित हैं।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## करंट अफेयर


# आतंकवाद अधिनियम खत्म करे श्रीलंका :ह्यूमन राइट्स



अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'ह्यूमन राइट्स वॉच' ने श्रीलंका से आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) को समाप्त करने का आग्रह करते हुये दावा किया है कि द्वीपीय राष्ट्र ने विश्वसनीय साक्ष्यों के बिना कथित विरोधियों और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया है। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार समूह ने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ से भी आग्रह किया है कि वे श्रीलंका पर इस कानून को समाप्त करने के लिए दबाव डालें, जिसे उसने इसे खत्म करने का बार–बार वादा किया लेकिन इस पर अमल नहीं कर सका है। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'जहां कुछ पीड़ितों को कई सालों तक मनमाने ढंग से हिरासत में रखा गया और यातनाएं दी गईं, वहीं अन्य को उनके खिलाफ मामला समाप्त होने के बाद भी सताया गया।' संगठन की ओर से बयान जारी करने के बारे में किसी भी तात्कालिक कारण का उल्लेख नहीं है। एचआरडब्ल्यू की उप एशिया निदेशक मीनाक्षी गांगुली ने कहा, 'श्रीलंका का व्यापक घरेलू सुरक्षा तंत्र नियमित रूप से निर्दोष लोगों को निशाना बनाने, आलोचकों को चुप कराने और अल्पसंख्यक समुदायों को बदनाम करने के लिए इस कानून का इस्तेमाल करता रहा है।'

## ऑफ बीट

# सदी पुराने सर्पदंश के उपचार में जल्द आ सकती है क्रांति



अनेक कोबरा सांप ऊतकों को नष्ट करने वाले जहर से युक्त होते हैं और उनका इलाज मौजूदा 'एंटीवेनम' से नहीं किया जा सकता। हमने सस्ते और खून को पतला करने की दवा की खोज की है जिसका इस्तेमाल इन विष के असर को कम करने में किया जा सकता है। सीआरआईएसपीआर जीन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर हमने कोशिकाओं पर इस विष के प्रभाव करने के तरीके के बारे में जाना है और पाया है कि सामान्य दवा श्रेणी में आने वाली 'हेपरिनोइड्स' कोशिकाओं को इस जहर से बचा सकती है। सर्पदंश गंभीर समस्या सांप का जहर कई अलग–अलग यौगिकों से बना होता है। आम तौर पर यह हृदय, तंत्रिका तंत्र या काटने के स्थान पर ऊतकों (त्वचा एवं मांशपेशियों के) को नुकसान पहुंचाता है। मौजूदा समय में सर्पदंश का एकमात्र इलाज एंटीवेनम है। इस दवा को तैयार करने के लिए पहले जानवर के शरीर में जहर की थोड़ी मात्रा पहुंचाई जाती है और उससे तैयार एंटीबॉडी से दवा बनाई जाती है। एंटीवेनम जिंदगियां तो बचाती है लेकिन इसके कई नकारात्मक पहलू भी हैं। प्रत्येक एंटीवेनम किसी खास प्रजाति या एक से अधिक प्रजाति के सांप के काटने पर कारगर होता है।

**22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा से पहले विवाद**

# मुजफ्फरनगर पुलिस का आदेश-कांवड़ रास्ते की दुकानों पर मालिक अपना नाम लिखवाएं, ताकि श्रद्धालु भ्रमित न हो

## *सियासत गरमाई : सपा, टीएमसी सहित कई दलों ने फैसले पर उठाए सवाल*

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरनगर

उत्तर प्रदेश में 22 जुलाई से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा पर प्रशासन विवादों में घिरता दिख रहा है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने 3 दिन पहले जारी एक आदेश में कहा था कि कांवड़ रास्ते की दुकानों में मालिक अपना नाम लिखवाएं, ताकि कांवड़ियों में असमंजस की स्थिति न हो। इस आदेश के बाद अब राजनीति शुरू हो गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव और एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने इस पर सवाल उठाए हैं। ओवैसी ने मुजफ्फरनगर पुलिस की तुलना हिटलर से की है। वहीं, अखिलेश ने कहा- जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा? कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान ले। ऐसे आदेश सामाजिक अपराध हैं। जवाब में एसएसपी ने कहा- यह परंपरा रही है और भ्रम की स्थिति से बचने के लिए ऐसा किया गया।




### यह सामाजिक अपराध : अखिलेश यादव

अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- कोर्ट को इस मामले पर खुद एक्शन लेना चाहिए। ऐसे आदेश की जांच कराई जाए। ऐसे आदेश सामाजिक अपराध हैं, जो सौहार्द के शांतिपूर्ण वातावरण को बिगाड़ना चाहते हैं।

### जर्मनी में होता था ऐसा प्रयोग : ओवैसी

असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स पर लिखा- अब हर खाने वाली दुकान या ठेले मालिक को अपना नाम बोर्ड पर लगाना होगा, ताकि कोई कांवड़िया गलती से किसी मुसलमान की दुकान से कुछ न खरीद लें। हिटलर की जर्मनी में इसका नाम जुडेनबॉयकॉट था। ऐसा प्रयोग जर्मनी में होता था।

### नाजियों ने ऐसा किया था : जावेद अख्तर

गीतकार जावेद अख्तर ने एक्स पर लिखा- मुजफ्फरनगर पुलिस ने आदेश दिया है कि कांवड़ यात्रा के रूट पर सभी दुकानदार, रेस्टोरेंट संचालक, वाहनों के मालिक अपना नाम स्पष्ट लिखवाएं। क्यों? नाजी जर्मनी में केवल विशेष दुकानों और घरों पर निशान बनाए जाते थे।

## टीएमसी के राज्यसभा सांसद साकेत गोखले ने दर्ज कराया राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में केस

### मुसलमानों का आर्थिक बॉयकॉट : पवन खेड़ा

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा- यह कदम मुसलमानों के आर्थिक बॉयकॉट के लिए उठाया गया है। जो लोग यह तय करना चाहते थे कि कौन क्या खाएगा, अब वो यह भी तय करेंगे कि कौन किससे क्या खरीदेगा? जब इस बात का विरोध किया गया तो कहते हैं कि जब ढाबों के बोर्ड पर हलाल लिखा जाता है तब तो आप विरोध नहीं करते।

**2.5 करोड़ कावड़िये यात्रा के दौरान गुजरते हैं मुजफ्फरनगर से**

### क्यों देना पड़ा आदेश

बघरा के योग साधना केंद्र के संस्थापक स्वामी यशवीर आश्रम महाराज ने चेतावनी दी थी कि कांवड़ रास्ते पर पड़ने वाले मुस्लिम होटल संचालक अपना नाम नहीं लिखेंगे तो आंदोलन छेड़ देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुसलमानों ने हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर होटल खोले हैं। इससे श्रद्धालु भ्रमित हो जाते हैं। पुलिस जांच में ऐसे 8 होटल मिले, जो मुसलमानों के थे, लेकिन होटलों के नाम हिंदू देवी-देवताओं के नाम पर रखे गए थे। इसके बाद एसएसपी अभिषेक सिंह ने अपील की कि अपने होटल का नाम बदल लें और वहां काम करने वालों के नाम बोर्ड पर लिखवा दें।

## खबर संक्षेप

### निर्माणाधीन मकान का हिस्सा गिरा, 4 की मौत

**चंपारण।** पूर्वी चंपारण के ढाका थाना क्षेत्र के लहन ढाका में गुरुवार को भीषण हादसे में मौके पर 4 लोगों की मौत हो गई। यह सभी एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलने के दौरान अचानक गिरे मलबे में दब गए। अस्पताल पहुंचाए जाने पर उन्हें तत्काल डॉक्टरी सहायता नहीं मिली और इन्हें वहां मृत घोषित करने की औपचारिकता ही हुई।



### मनोहर लाल ने किया पुस्तक का विमोचन

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्रीय विद्युत एवं शहरी कार्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नई दिल्ली स्थित नए महाराष्ट्र सदन में हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर द्वारा लिखित पुस्तक 'वायर्ड फॉर सक्सेस' का लोकार्पण किया। इस मौके पर दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति डीके शर्मा विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। यह पुस्तक हरियाणा में बिजली सुधारों की दिशा में किए गए प्रयासों पर आधारित है जिसका समाज के सभी वर्गों व अन्य राज्यों के बिजली वितरण निगमो को भी बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

### नशीली दवाओं का 51.4 करोड़ का सामान जब्त

**सूरत।** गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते ने सूरत शहर के बाहरी इलाके में एक 'मेफेड्रोन' (मादक पदार्थ) निर्माण इकाई का भंडाफोड़ कर 51.4 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ और कच्चा माल जब्त किया है। 4 किलोग्राम मेफेड्रोन और 31.4 किलोग्राम कच्चा माल बरामद किया गया। एटीएस ने कहा कि सुनील , विजय गजेरा और हरेश कोराट को गिरफ्तार किया है।



### खेलो इंडिया-2 का उद्घाटन करेंगे मांडविया

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के नजदीक आने के साथ ही सरकार के महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन (कीर्ति) कार्यक्रम को केंद्रीय युवा मामले एवं खेल और श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के नेतृत्व में नए सिरे से बढ़ावा मिलने वाला है। वे शुक्रवार को नई दिल्ली में इस पहल के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे।



### राजस्थान के नया 'डॉन' का 3 मंजिला बंगला ध्वस्त

**भरतपुर।** राजस्थान के डीग जिले में पुलिस ने एक साइबर क्राइम के आरोपी दाऊद खान के घर पर बुलडोजर चला दिया है। दाऊद पर कोटा और डीग जिलों में साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज हैं और वह काफी समय से फरार था। पुलिस ने उसके खिलाफ ऑपरेशन 'एंटी वायरस' के तहत यह कार्रवाई की है। दाऊद पुत्र निसार रायपुर सुकेती गांव का रहने वाला है।



## कर्नाटक हाईकोर्ट ने की टिप्पणी, 'अवैध' वीडियो या तस्वीर को शेयर करना गलत

# ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना अपराध नहीं माना जा सकता : हाईकोर्ट

**सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम का दिया हवाला**

## *अदालत ने कहा-देखने मात्र से मामला दर्ज नहीं किया जा सकता*

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ऑनलाइन चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखने को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम( आईटी एक्ट) में अपराध नहीं कह सकते। कर्नाटक हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी की है। असल में एक मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी का जिक्र किया। इसमें कहा गया कि अगर किसी ने सिर्फ चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखी है, उसके खिलाफ केस दर्ज नहीं हो सकता, जब तक उस वीडियो या तस्वीर को शेयर नहीं किया जा रहा, उसे आईटी एक्ट के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। अब कर्नाटक हाई कोर्ट का यह फैसला मायने रखता है क्योंकि देश में कई मौकों पर ऐसे ही केस दर्ज हो जाते हैं जहां पर किसी ने पोर्नोग्राफी वीडियो देखी हो। लेकिन अब जब अदालत ने साफ कहा है कि जब तक ऐसे वीडियो को शेयर न किया जाए, इसे अपराक्ष की श्रेणी में नहीं लाया जा सकता है। अब कर्नाटक हाई कोर्ट का यह फैसला मायने रखता है क्योंकि देश में कई मौकों पर ऐसे ही केस दर्ज हो जाते हैं जहां पर किसी ने पोर्नोग्राफी वीडियो देखी हो। लेकिन अब जब अदालत ने साफ कहा है कि जब तक ऐसे वीडियो को शेयर न किया जाए, इसे अपराक्ष की श्रेणी में नहीं लाया जा सकता है।




### बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने इनायतुल्लाह पर किया था केस दर्ज

बताया जा रहा है कि पिछले साल इनायतुल्लाह नाम के युवक पर आरोप लगा था कि उसने 50 मिनट तक अपने फोन पर बच्चों की अश्लील तस्वीरें देखीं। उसने पोर्न वीडियो देखी। इस घटना के दो महीने बाद बेंगलुरु साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67 बी के तहत शिकायत दर्ज कर ली, फिर उसी शिकायत को इनायतुल्लाह को चुनौती दी।

**आवेदक के वकील ने कहा उसने प्रचार-प्रसार नहीं किया**

उसके वकील ने कोर्ट ने साफ कहा कि उसके क्लाइंट को बच्चों के पोर्न वीडियो देखने की लत है, लेकिन उसने कभी भी ऐसे वीडियो को शेयर या उसका प्रसार नहीं किया है। इसी तर्क के आधार पर केस को वापस लेने की मांग की गई। इस दौरान दूसरा पक्ष लेकिन दलील देता रहा कि इस शख्स चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखी है और उसके खिलाफ एक्शन होना चाहिए। लेकिन हाई कोर्ट ने पूरे मामले को सुनने के बाद शिकायत रद्द करने का फैसला लिया है।

## रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी को लेकर दाखिल याचिका पर केंद्र से जवाब तलब

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से एक महिला की याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया जिसने दावा किया है कि 'अति गरीब' पृष्ठभूमि के साथ राशन कार्ड होने के बावजूद उसे उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रहा है क्योंकि पहले से उसके पास गैस कनेक्शन था। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने नोटिस जारी किया और सरकार से उस याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा जिसमें कहा गया है कि सब्सिडी उन्हें भी दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने के बावजूद वह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) में नामांकित नहीं हो सकी और लाभार्थी नहीं बन सकी क्योंकि यह योजना केवल उन लोगों पर लागू होगी जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं है।

- 'अति गरीब' पृष्ठभूमि के साथ राशन कार्ड होने के बावजूद उसे उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिला

### अनुच्छेद 14 का उल्लंघन

याचिका में कहा गया है, ''सब्सिडी देने के उद्देश्य से दो श्रेणियों के लोगों यानी पीएमयूवाई लाभार्थियों और गैर-पीएमयूवाई लाभार्थियों के बीच भेदभाव भेदभावपूर्ण, मनमाना और भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है।'' याचिका में कहा गया है, ''यह अदालत के संज्ञान में लाया जाता है कि याचिकाकर्ता 21.05.2022 से 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 200 रुपये की सब्सिडी और 05.10.2023 से प्रत्येक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी का हकदार है। यह संज्ञान में लाया जाता है कि याचिकाकर्ता को उक्त लाभ न देना अवैध होने के साथ-साथ अनुचित भी है।'' अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए नवंबर में सूचीबद्ध किया है।

**मौतों की संख्या बढ़कर 19 हुई**

# गुजरात में चांदीपुरा वायरस से 4 और बच्चों की जान गई

## *अब तक 31 मामले, 5 का इलाज जारी*



एजेंसी ▶▶ राजकोट

गुजरात में चांदीपुरा वायरस से संक्रमित मरीजों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। गुरुवार को राजकोट में 3 और पंचमहल जिले में 1 बच्चे की मौत हो गई। इस तरह पिछले 8 दिनों में मरने वाले मरीजों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है।अब तक राज्य के 13 जिलों (महीसागर, साबरकांठा, अरवल्ली, खेड़ा, महेसाणा, अहमदाबाद, गांधीनगर, राजकोट, सुरेंद्रनगर, पंचमहाल, जामनगर, मोरबी और हिम्मतनगर) में चांदीपुरा वायरस के 31 संदिग्ध केस सामने आए है, इनमें से 5 बच्चों का इलाज चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुरुवार दोपहर को आपात बैठक बुलाई। उन्होंने राज्य में चांदीपुरा वायरस की स्थिति और महामारी को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों की जानकारी भी ली। स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुई इस बैठक में जिला कलेक्टरों और जिला विकास अधिकारियों के साथ-साथ मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### लगातार बढ़ रहे मामले

राजकोट जिले में ही अब तक 5 संदिग्ध मरीजों की मौत हो चुकी है। इसमे मोरबी की राशि प्रदीप सहरिया को 12 जुलाई को राजकोट सिविल में भर्ती कराया गया था, जिसकी 14 जुलाई को मौत हो गई। पडधारी के हड़मतिया के 2 साल के प्रदीप गोविंदभाई राठौड़ को 9 जुलाई को भर्ती कराया गया था और 15 जुलाई को उसकी मौत हो गई। जैतपुर के हुमाया गांव के 8 वर्षीय कालू चंपूलाल को 15 जुलाई को भर्ती कराया गया था और उसी दिन उसकी मौत हो गई थी। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के 13 वर्षीय सुजाकुमार धनकन को 16 जुलाई को भर्ती कराया गया था और उसी दिन मौत हो गई थी।

### क्या है चांदीपुरा वायरस

इस वायरस का पहला मामला 1965 में महाराष्ट्र के नागपुर जिले के चांदीपुर में सामने आया था। इस वायरस से महाराष्ट्र, गुजरात और आंध्र प्रदेश के कुछ इलाके प्रभावित हुए थे। वायरस से रोगी मस्तिष्क ज्वर (एन्सेफेलाइटिस) का शिकार हो जाता है। वायरस मच्छरों और मक्खियों के काटने से फैलता है।

**भाजपा ने उठाया पीएम मोदी पर आक्रामक टिप्पणियों का मुद्दा**

# असहमति का सभी को अधिकार लेकिन इससे हिंसा बढ़े वह अमान्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका में पिछले हफ्ते चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व राष्ट्रपति और राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर हमला किया गया। इस हमले में वह बाल-बाल बच गए।

इस हमले के बाद भाजपा ने पीएम नरेंद्र मोदी पर किए गए आक्रामक टिप्पियों का मुद्दा उठाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि लोकतंत्र में ऐसा नहीं होना चाहिए। यहां असहमति का अधिकार है, लेकिन ऐसी असहमति, जिससे हिंसा हो यह सही नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा गया।

**भाजपा नेता रविशंकर और सुधांशु ने विपक्ष पर साधा निशाना**



### *उन्होंने इसका प्रमाण भी दिया*


*रविशंकर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व डीजीपी विक्रम सिंह ने एक अखबार में लेख लिखा, जिसमें उन्होंने बताया कि जिस तरह से पीएम मोदी पर निशाना साधा गया है, उससे उन पर हिंसा बढ़ सकती है। इसका सबूत भी है। 2013 में पटना में उन पर हमला हुआ था, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई थी। पंजाबमें उनका रास्ता बदल दिया गया। इस दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कई बार राहुल गांधी भी गैर जिम्मेदाराना बयान दे देते हैं।*

### कृषि सांख्यिकी में सुधार की योजना में पंजाब को भी किया शामिल

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ क्रमवार बैठकों की कड़ी में दिल्ली स्थित कृषि भवन में पंजाब के कृषि, पशुपालन, मत्स्यपालन, डेयरी विकास और खाद्य प्रसंस्करण मंत्री गुरमीत सिंह खुदियां के साथ बैठक हुई। इस दौरान राज्य में खेती-किसानी के विकास को लेकर विविध विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। चौहान ने, पंजाब द्वारा रखे गए राज्य कृषि सांख्यिकी प्राधिकरण से संबंधित प्रस्ताव पर मंत्रालय की ओर से मंजूरी का पत्र पंजाब के मंत्री को बैठक में दिया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) के संबंध में चौहान ने केंद्र सरकार की ओर से पूरी मदद का भरोसा दिलाया।

# देश के भविष्य को लेकर संदेह नहीं रहा, सभी इसकी बेहतरी के लिए काम कर रहे : भागवत

**गुमला (झारखंड) (भाषा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह देश के भविष्य को लेकर कभी चिंतित नहीं रहे, क्योंकि कई लोग इसकी बेहतरी के लिए सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। भागवत यहां गैर-लाभकारी संगठन विकास भारती द्वारा आयोजित ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह नहीं है, अच्छी चीजें होनी चाहिए, इसके लिए सभी मिलकर काम कर रहे हैं, हम भी प्रयास कर रहे हैं।'' भागवत ने कहा कि भारत के लोगों का अपना स्वभाव है और कई लोग बिना किसी नाम या ख्याति की इच्छा के देश के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं।



- हमारे देश में 3,800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और यहां तक कि खान-पान की आदतें भी भिन्न
- भिन्नता के बावजूद हमारा मन एक है और दुनिया के अन्य देशों में ऐसा देखने को नहीं मिल सकता।

### हमारे यहां 33 करोड़ देवी-देवता

उन्होंने कहा, ''हमारे यहां पूजा की अलग-अलग पद्धतियां हैं, क्योंकि हमारे यहां 33 करोड़ देवी-देवता हैं और 3,800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और यहां तक कि खान-पान की आदतें भी भिन्न हैं। भिन्नता के बावजूद हमारा मन एक है और अन्य देशों में ऐसा नहीं मिल सकता।'' उन्होंने कहा कि आजकल तथाकथित प्रगतिशील लोग समाज को कुछ देने में विश्वास करते हैं, जो कि भारतीय संस्कृति में पहले से ही निहित है। उन्होंने कहा, ''ऐसा कहीं भी शास्त्रों में नहीं लिखा है, लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी यह हमारे स्वभाव में है।'' भागवत ने गांव के कार्यकर्ताओं से समाज के कल्याण के लिए अथक प्रयास करने का भी आग्रह किया।

## लोकसभा चुनाव परिणाम से बढ़ा दोनों पार्टियों का हौसला

# कांग्रेस-सपा मिलकर लड़ेंगी विधानसभा उपचुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में जिस तरह से राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी ने कमाल किया। उसके बाद यूपी के लड़कों की इस जोड़ी के हौसले काफी बुलंद हैं।

यही वजह है कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा और कांग्रेस ने रणनीति अभी से तैयार करनी शुरू कर दी है। रिपोर्ट की मानें तो कांग्रेस और सपा के बीच आगामी उपचुनाव चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। ऐसे में 10 में से 7 सीटों पर सपा चुनाव लड़ सकती है जबकि कांग्रेस 3 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी।

**10 में से 7 सीटों पर सपा के लड़ने की खबर**



**कांग्रेस ने भी की पुष्टि**

कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि सपा और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। संसद सत्र के खत्म होने के बाद दोनों दलों के शीर्ष नेता आपस में मिलेंगे और सीटों पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस महाराष्ट्र और हरियाणा में भी सपा के लिए कुछ सीटें छोड़ सकती है। यूपी में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उसमे से 5 सीटों पर पहले सपा, 3 पर भाजपा और 1-1 पर आरएलडी और निषाद पार्टी का कब्जा था, लेकिन अब ये सीटें खाली होने के बाद इन पर फिर से चुनाव होने जा रहा है।

### भाजपा को करनी होगी बड़ी तैयारी



अगर कांग्रेस और सपा इन उपचुनावों में साथ मिलकर चुनाव लड़ते हैं तो इससे भाजपा की टेंशन बढ़ सकती है। इन दोनों पार्टियों की साथ आने से भाजपा को बड़ी चुनौती मिल सकती है। कांग्रेस और सपा के बीच गठबंधन का उद्देश्य अपने वोट बैंक को मजबूत करना है और भाजपा के खिलाफ अपनी ताकत को बढ़ाना है। यह रणनीति हाल ही में हुए लोकसभा चुनावों में काफी सफल रही थी।

**अखिलेश का 'मानसून ऑफर'**

## 100 को लाओ और सरकार बनाओ



**लखनऊ।** भाजपा में घमासान के बीच अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य की भूमिका को लेकर चुटकी ली है। यादव ने पोस्ट कर कहा, 'मानसून ऑफरः सौ लाओ, सरकार बनाओ!' यादव ने किसी भी भाजपा नेता का नाम नहीं लिया है लेकिन माना जा रहा है कि ये पोस्ट भाजपा के पिछड़ों के नेता कहे जाने वाले क मौर्य के लिए ही है। मौर्य लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से कई बार दिल्ली के चक्कर लगा चुके हैं।

### *भाजपा में चल रही कुर्सी की लड़ाई*

*यादव ने पोस्ट कर कहा कि यूपी भाजपा में कुर्सी की लड़ाई चल रही है। इस वजह से उत्तर प्रदेश में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा कि तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम बीजेपी दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वो अपने दल के अंदर कर रही है, इसीलिए बीजेपी अंदरूनी झगड़ों के दलदल में धंसती जा रही है।*




## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले पर स्नाइपर की होगी तैनाती

**नई दिल्ली(भाषा)।** स्वतंत्रता दिवस में अब एक महीने से भी कम समय बचा है, इसलिए दिल्ली पुलिस ने स्नाइपर, उनके सहयोगी स्पॉटर्स और एफआर सीसीटीवी कैमरे तैनात करने की तैयारी की है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम के दौरान लोगों के सत्यापन के लिए एक ऐप का भी इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हमले ने इस स्वतंत्रता दिवस पर स्नाइपर की भूमिका को महत्वपूर्ण बना दिया है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने ड्रैगुनोव एसवीडी राइफलों के साथ निशानेबाजों की संख्या बढ़ाने की योजना बनाई है।

### ओमान के समुद्र में डूबे टैंकर से बचाए 8 भारतीय

**नई दिल्ली( ब्यूरो)।** ओमान के समुद्र में डूबे कोमोरोस के ध्वज वाले तेल टैंकर 'एमवी प्रेस्टीज फाल्कन' के चालक दल में शामिल कुल 16 सदस्यों में से 8 भारतीयों को भारतीय नौसेना ने बचा लिया है। जबकि एक अन्य भारतीय की मौत हो गई है और उसके शव को बरामद कर लिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि टैंकर में सवार चालक दल के 16 सदस्यों में 13 भारतीय और 3 श्रीलंका के नागरिक थे। ओमान के समुद्री सुरक्षा केंद्र (एमएससी) के साथ मिलकर चलाए जा रहे राहत एवं बचाव अभियान की मदद से भारतीय नौसेना के जंगी युद्धपोत आईएनएस तेग ने बीते बुधवार को 8 भारतीयों और 1 श्रीलंका के नागरिक को बचाया था।

### भारत समाधान की कुंजी साबित हो रहा : बेरी

**संयुक्त राष्ट्र(भाषा)।** नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा है कि भारत सार्वजनिक सेवा और डिजिटलीकरण समेत विभिन्न क्षेत्रों में समाधान की एक कुंजी साबित हो रहा है। बेरी ने यह भी कहा कि जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने सतत विकास लक्ष्यों को केन्द्र में रखकर स्वीकार किया है कि यह वैश्विक समुदाय की अपनी वंचित आबादी के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। बेरी ने कहा कि भारत विभिन्न क्षेत्रों में समाधान की कुंजी साबित हो रहा है, चाहे वह सार्वजनिक सेवा हो, डिजिटलीकरण हो, यहां तक कि बहुराष्ट्रीय निगमों के लिए भी...। उन्होंने कहा, "मैं एसडीजी को सरकारों द्वारा उनकी आबादी के प्रति प्रतिबद्धता के रूप में देखता हूं।

## जानबूझकर फास्टैग न लगाने वाले अब नपेंगे

# फास्टैग नहीं होने पर एनएचएआई वसूलेगा दोगुना टोल शुल्क

भाषा ⏭ नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजमार्गों पर लोगों को वाहन के विंडस्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग न लगाने से रोकने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कई कदम उठा रहा है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनएचएआई ने ऐसे वाहनों से दोगुना टोल वसूलने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ऐसे वाहन जिनमें अंदर से सामने की विंडशील्ड पर फास्टैग नहीं लगा होगा, और वे टोल लेन में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें दोगुना टोल देना होगा। एनएचएआई ने कहा कि विंडस्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे अन्य वाहनों को असुविधा होती है। एनएचएआई ने कहा, "सभी उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों और रियायतियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है, ताकि सामने की विंडशील्ड पर फास्टैग न लगाए जाने की स्थिति में दोगुना उपयोगकर्ता शुल्क वसूला जा सके।" बयान के अनुसार, यह सूचना सभी टोल प्लाजा पर भी प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें लोगों को विंडशील्ड पर फास्टैग लगाए बिना टोल लेन में प्रवेश करने पर लगने वाले जुर्माने के बारे में जानकारी दी जाएगी। ®बयान में कहा गया है कि टोल प्लाजा पर वाहन पंजीकरण संख्या (वीआरएन) के साथ सीसीटीवी फुटेज को गैर-फास्टैग मामलों में दर्ज किया जाएगा।



### विंडशील्ड पर फास्टैग लगाना सुनिश्चित करें

इससे शुल्क वसूले जाने और टोल लेन में वाहन की मौजूदगी के बारे में उचित रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद मिलेगी। ®बयान में कहा गया है कि कोई भी फास्टैग जो मानक प्रक्रिया के अनुसार निर्दिष्ट वाहन पर नहीं लगाया गया है, वह शुल्क प्लाजा पर इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह लेनदेन करने का हकदार नहीं है और उसे दोगुना टोल शुल्क देना होगा । एनएसएआई ने कहा कि जारीकर्ता बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे विभिन्न बिक्री केंद्रों से फास्टैग जारी करते समय निर्दिष्ट वाहन के सामने फास्टैग लगाना सुनिश्चित करें।

## कोटिश्वर व महादेवन ने न्यायाधीश पद की शपथ ली



**नई दिल्ली (भाषा)।** जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एन. कोटिश्वर सिंह ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली और वह मणिपुर से सर्वोच्च न्यायालय में पदोन्नत होने वाले पहले न्यायाधीश बन गए हैं। मद्रास उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश आर. महादेवन ने भी उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ ली।भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने यहां उच्चतम न्यायालय परिसर में हुए एक समारोह में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथ ही अब उच्चतम न्यायालय में सीजेआई समेत न्यायाधीशों की संख्या 34 हो गयी है जो कि पूर्ण है। उच्चतम न्यायालय में एक सितंबर 2024 को न्यायमूर्ति हिमा कोहली के सेवानिवृत्त होने तक 34 न्यायाधीश काम करेंगे। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ इस साल 10 नवंबर को सेवानिवृत्त होंगे।

## 5 दिनों से आरक्षण खत्म करने की मांग को लेकर विरोध, भारत ने की एडवाइजरी जारी

# बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी हिंसा, छह की मौत, प्रदर्शन रोकने को उतरी सेना

ब्यूरो/भाषा/एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/ ढाका

*हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं कि बांग्लादेश के अलग-अलग शहरों में शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया गया है। भारत ने अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है।*

बांग्लादेश में पिछले 5 दिनों से आरक्षण खत्म करने की मांग को विरोध प्रदर्शन जारी है। इस प्रदर्शन ने अब हिंसक रूप ले लिया है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने इसको रोकने के लिए सड़कों पर सेना को तैनात कर दिया है। पुलिस के साथ झड़प में 6 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 400 से ज्यादा प्रदर्शनकारी घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार राजधानी ढाका में आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प में एक बच्चे समेत छह लोगों को गोली लगी है। हालात इतने ज्यादा खराब हो गए हैं कि ढाका सहित बांग्लादेश के अलग-अलग शहरों में शिक्षण संस्थानों को अनिश्चित काल तक के लिए बंद कर दिया गया है।

प्रदर्शनकारी छात्रों ने गुरुवार को देशभर में बंदी की घोषणा की है। छात्र आंदोलन के नेताओं ने कहा है कि गुरुवार को हॉस्पिटल और आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर सभी चीजें बंद रहेंगी। इस दौरान सिर्फ एम्बुलेंस सर्विस को ही सड़कों पर निकलने की छूट रहेगी। सार्वजनिक रूप से मौजूद जानकारी के हिसाब से इन हिंसक प्रदर्शनों में कुल 6 बांग्लादेशी नागरिकों की मौत हो गई है। इस हिंसा से ही स्कूल कॉलेज को बंद कर दिया है।

- छात्रों ने सभी 8 राज्यों में बंद का ऐलान किया
- आम चुनाव के बाद ये पहली बार बड़े पैमाने पर प्रदर्शन



### बांग्लादेश सरकार ने छात्रों से बातचीत की इच्छा जताई

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने बृहस्पतिवार को देश भर में फिर से हिंसा भड़कने के बाद नौकरियों में आरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों द्वारा इस मुद्दे पर देशव्यापी बंद लागू करने का प्रयास किए जाने के दौरान झड़पें हुईं। आधिकारिक समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राजधानी सहित देश भर में 'बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश' के जवानों को तैनात किया है। कानून मंत्री अनीसुल हक ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारी छात्रों के साथ बातचीत के लिए बैठक करने का फैसला किया।

### हसीना ने कानून मंत्री से पहल करने को कहा

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कानून मंत्री से उच्चतम न्यायालय में लंबित आरक्षण मामले की जल्द सुनवाई के लिए पहल करने को कहा है। हक ने कहा कि वह पहले ही अटॉर्नी जनरल को इस पर पहल करने का निर्देश दे चुके हैं जो रविवार को उच्चतम न्यायालय में अपील दायर कर मामले की जल्द सुनवाई का आग्रह करेंगे। सरकार ने हिंसक घटनाओं की जांच के लिए एक न्यायिक जांच समिति बनाने का फैसला किया है।

### प्रदर्शनकारियों से अवामी लीग की सत्ताधारी दल की हुई झड़प

बीते 15 जुलाई को बांग्लादेश की सत्ताधारी अवामी लीग की छात्र इकाई 'बांग्लादेश छात्र लीग' की प्रदर्शनकारियों के साथ हुई झड़प के बाद इन प्रदर्शनों ने हिंसक रूप धारण कर लिया था। प्रदर्शनकारियों का यह कहना है कि मौजूदा कोटा तंत्र की वजह से बड़ी तादाद में मेधावी छात्र सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन की प्रक्रिया से बाहर हो रहे हैं। उनका सत्ताधारी दल पर ये आरोप भी है कि उसकी छात्र इकाई ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की मदद से हमला किया। जिसकी वजह से तनाव की ये स्थिति बनी है।

### वर्तमान में यूं काम करता है कोटा तंत्र

बांग्लादेश में वर्तमान कोटा तंत्र में 56 फीसदी सरकारी नौकरियां 1971 की लिबरेशन वॉर में भाग लेने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के वंश के 30 लोगों के लिए आरक्षित की गई हैं। 10 फीसदी कोटा पिछड़े हुए प्रशासनिक जिलों के लिए है, 10 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए, पांच फीसदी नस्ली अल्पसंख्यक समुदायों के लिए और एक फीसदी कोटा दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित किया गया है। आंकड़ों के हिसाब से हर साल 4 लाख स्नातक युवाओं के लिए 3 हजार सरकारी नौकरियां निकलती हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मौजूदा कोटा तंत्र क्लास वन और सेकंड क्लास की सरकारी नौकरी से मेधावी छात्रों को बाहर कर रहा है।

## कारगिल विजय दिवस से पूर्व बोले सीडीएस

# हमें सबक लेकर गलतियां फिर दोहरानी नहीं चाहिए



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

कारगिल में 26 जुलाई को मनाए जाने वाले विजय दिवस समारोह के पूर्व में प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने गुरुवार को एक कार्यक्रम में कहा कि युद्ध की यादों को संजोने के अलावा हमें इसके बाद की स्थिति को देखना चाहिए। साथ ही उससे जरूरी सबक लेना चाहिए और हमें वही गलतियां दोहरानी नहीं चाहिए। युद्ध में भारतीय योद्धाओं के योगदान को सराहते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और युद्ध की पद्धति तेजी से विकसित हो रही है।

### युद्ध की रजत जयंती मनाई जा रही

भू-राजनीतिक बदलाव और प्रौद्योगिकी में परिवर्तन के कारण उनका चरित्र और प्रकृति तेजी से बदल रही है। जनरल चौहान ने कहा कि हमारे सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए। जैसा कि कारगिल युद्ध के साथ हुआ है। वीरता, साहस और धैर्य की वजह से युवाओं के साथ-साथ सशस्त्र सेनाओं में शामिल होने वाले सैनिकों को भी प्रेरणा मिलेगी। यहां बता दें कि इस वर्ष कारगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ यानी रजत जयंती मनाई जा रही है। इसे लेकर जुलाई के पूरे महीने में देश के अलग-अलग भागों में सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# आज से विदेश सचिव दो दिवसीय भूटान यात्रा पर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन और भूटान के बीच अपने सीमा विवाद का तेजी से हल निकालने के लिए जारी कवायद के बीच विदेश सचिव विक्रम मिस्री शुक्रवार से भूटान की दो दिवसीय (19 से 20 जुलाई तक) यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस यात्रा के दौरान विदेश सचिव विक्रम मिस्री राजधानी थिंपू में भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से मुलाकात करेंगे।

इसके अलावा उनकी भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, विदेश मंत्री डीएन धुंग्येल और विदेश सचिव पेमा चोडेन सहित शाही सरकारी के अन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात होगी। मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा में भारत और भूटान के विदेश सचिव भारत-भूटान विकास सहयोग वार्ता (योजना वार्ता) की सह-अध्यक्षता भी करेंगे।

## भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति होगी

# मॉरीशस में भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन



**पोर्ट लुई (भाषा)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन "दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग" का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

## मूल्यवान सामग्री स्थानांतरित करने को सप्ताह में दूसरी बार खुला

# जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को फिर से खोला गया

भाषा ⏭ पुरी

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने 'रत्न भंडार' (कोषागार) में रखी गयी मूल्यवान सामग्री को एक अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' में स्थानांतरित करने के लिए बृहस्पतिवार को पुनः खोला गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को सुबह खोला गया। यह एक सप्ताह में दूसरी बार है पूजा-अर्चना करने के बाद, रत्न भंडार से मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने के लिए ओडिशा सरकार द्वारा गठित पर्यवेक्षण समिति के सदस्यों ने सुबह करीब नौ बजे मंदिर में प्रवेश किया।



मंदिर में प्रवेश करने से पहले संवाददाताओं से पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ रथ ने कहा, ''हमने भगवान जगन्नाथ से कोषागार के आंतरिक कक्ष में रखी मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने के लिए आशीर्वाद मांगा।''

### पहले 14 जुलाई को खोला गया था

इससे पहले 14 जुलाई को 'रत्न भंडार' खोला गया था। न्यायमूर्ति रथ ने पुरी के राजा एवं गजपति महाराजा दिव्य सिंह देव से भी अनुरोध किया कि वह 'रत्न भंडार' में उपस्थित रहें और वहां से मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की निगरानी करें। मंदिर परिसर में अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' में मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने के कार्य की निगरानी करने वाले देव ने कहा, ''खाताशेजा (भंडार कक्ष) का अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

### 46 वर्षों के बाद खोला जा रहा

*अस्थायी 'स्ट्रांग रूम' को सील कर दिया जाएगा और रत्न भंडार की मरम्मत का काम भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जाएगा। मरम्मत का काम पूरा होने के बाद ही आभूषणों और अन्य मूल्यवान सामग्री की सूची तैयार की जाएगी।' देव ने कहा कि रत्न भंडार के बाहरी कक्ष को साफ कर दिया गया है और वहां से मूल्यवान सामग्री हटा दी गयी है। आंतरिक कक्ष की मरम्मत की जरूरत है, क्योंकि इसे 46 वर्षों के बाद खोला जा रहा है।*

### पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही

यह पूछे जाने पर कि क्या आंतरिक कक्ष में कोई सुरंग थी जैसा कि कई लोग दावा कर रहे हैं, देव ने कहा कि एएसआई कक्ष की स्थिति का आकलन करने के लिए आधुनिक उपकरणों का उपयोग करेगा और सर्वेक्षक ही इसकी संरचना के बारे में विवरण दे सकते हैं। पुरी के जिलाधिकारी सिद्धार्थ शंकर स्वैन ने कहा कि केवल अधिकृत लोगों को पारंपरिक पोशाक के साथ कोषागार में प्रवेश करने की अनुमति है। यदि मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने का काम आज पूरा नहीं होता है तो मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार यह आगे जारी रहेगा। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है। पुरी के पुलिस अधीक्षक पिनाक मिश्रा ने बताया कि 'एसओपी' के अनुसार मंदिर के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा, ''किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सांप पकड़ने वालों, ओडिशा त्वरित कार्रवाई बल के कर्मियों तथा अग्निशमन सेवा के अधिकारियों को तैयार रहने के लिए कहा गया है।'' मंदिर प्रशासन ने बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे से मंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। एक अधिकारी ने कहा, ''मूल्यवान सामग्री को स्थानांतरित करने के दौरान केवल अधिकृत लोगों और कुछ सेवकों को ही मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई है।

- मंदिर प्रशासन नेमंदिर में श्रद्धालुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25